दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
बिलासपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2020, आश्विन कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-177 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश में बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर जहां लोगों में सिस्टम के खिलाफ आक्रोश गहराता जा रहा है वहीं सिस्टम चलाने वाले नेता बेहूदी बयानबाजी करने से बाज नहीं आ रहे है। एक भाजपा विधायक ने अपना ज्ञान बघारा है कि लड़कियों को अच्छे संस्कार देने से दुष्कर्म की घटनाएं रूकेंगी। इसके पहले भी कई स्वनाम धन्य नेताओं ने लड़कियों को छोटे कपड़े न पहनने और देर शाम घर से न निकलने जैसी नसीहतें दी थी। इन दाकियानुसी सोच वाले नेताओं के मुताबिक तो रेप की घटनाओं के लिए लड़कियां ही जिम्मेदार है। नादान लड़कों के हिमायतियों चुल्लू भर पानी में डूब मरो।

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य, जहां मोबाइल एप के जरिए मिलेगा विद्युत संबंधी सेवाओं का लाभ

■ बिजली दफ्तर जाने की जरूरत नहीं, 90 फीसदी समस्याओं के त्वरित निदान में मददगार बनेगा मोर बिजली मोबाइल एप

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'मोर बिजली एप' के नये फीचर्स का किया शुभारंभ

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी के ''मोर बिजली एप'' के नये फीचर्स का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का ऐसा पहला राज्य है, जहां विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं का घर बैठे लाभ मुहैया कराने के लिए मोर बिजली मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इसके लिए सीएसपीडीसीएल के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को इससे बड़ी सहूलियत मिलेगी। विद्युत उपभोक्ता इस एप के जरिए विद्युत वितरण कम्पनी की 90 फीसद से अधिक सेवाओं का घर बैठे लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह एप विद्युत संबंधित किसी भी समस्या का भी मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मुख्यमंत्री के अपर सचिव एवं पावर कम्पनीज के चेयरमैन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रम, समय और पैसे की होगी बचत

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि अब उपभोक्ताओं को बिजली दफ्तर पर चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। इससे श्रम, समय और पैसे की बचत होगी। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस एप के जरिए विद्युत कम्पनी की मैदानी टीम को काम करने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा बिजली उत्पादन, पारेषण एवं वितरण को उन्नत बनाने के लिए पॉवर कंपनी द्वारा नवीनतम तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका एक आदर्श उदाहरण ''मोर बिजली एप'' भी है।

छग वन अधिकारों की मान्यता देने में देश में अग्रणी

रायपुर (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ पूरे देश में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकारों की मान्यता देने के मामले अग्रणी है। प्रदेश में अब तक के अंत तक 4 लाख 41 हजार से अधिक व्यक्तिगत और 46 हजार से अधिक सामुदायिक वनाधिकार का प्रदाय अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वनवासियों को किया गया है। इस प्रकार व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकारों में कुल 51 लाख 6 हजार एकड़ से अधिक व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकारों को स्थानीय समुदायों को वितरण किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

मोतीलाल वोरा कोरोना से संक्रमित, एम्स में भर्ती

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। वोरा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। वोरा 91 साल के हैं। इससे पहले कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता कोविड की चपेट में आ चुके हैं। अहमद पटेल, अभिषेक मनु सिंघवी, तरूण गोगोई, आरपीएन सिंह तथा पार्टी के नेता पिछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए।

राजस्थान: कांग्रेसी नेता कैलाश त्रिवेदी का निधन

नई दिल्ली (वार्ता)। राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सहाड़ा के विधायक कैलाश त्रिवेदी का मंगलवार को कोरोना संक्रमण से निधन हो गया। तीन बार के विधायक त्रिवेदी एक माह पहले कोरोना संक्रमित की चपेट में आ गए थे और हालत गंभीर होने पर पांच दिन पहले ही उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया था , जहां आज सुबह 8.17 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

राष्ट्रपति ट्रंप को मिली अस्पताल से छुट्टी

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तीन दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। श्री ट्रंप कोरोना वायरस से संक्रमित थे, उन्हें इलाज के लिए वाल्टर रीड नेशनल मिलेट्री मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था। श्री ट्रंप ने ट्वीट कर कहा, मुझे काफी अच्छा लग रहा है। कोरोना से डरने की जरुरत नही है। इसे अपने जीवन पर हावी नहीं होने दें।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 39574.57
निफ्टी-11662.40
गोल्ड- 50924 (10 ग्रा.)
सिल्वर-61771 (1 कि ग्रा.)

हाथरस कांड भयानक : सुप्रीम कोर्ट

हाथरस मामले में सुनवाई टली, उप्र सरकार से कुछ बिंदुओं पर सवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के हाथरस के कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में राज्य सरकार को कुछ बिंदुओं पर हलफनामा दायर करने का मंगलवार को निर्देश दिया और सुनवाई एक सप्ताह के लिए टाल दी।

मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से हलफनामा देकर यह बताने को कहा कि वह मामले के गवाहों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा रही है तथा क्या पीड़ित परिवार ने कोई वकील चुना है? न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगे कि हाथरस मामले की जांच सही तरीके से चले।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील इंदिरा जयसिंह ने दलील दी कि पीड़ित परिवार सीबीआई जांच की राज्य सरकार की अनुशंसा से संतुष्ट नहीं है, वह विशेष जांच दल (एसआईटी) से ही जांच चाहता है, जिसकी निगरानी अदालत खुद करे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम यह भी देखना चाहते हैं कि इस मामले में याचिकाकर्ता का 'लोकस' है या नहीं, लेकिन अभी हम

केवल मामले की सुनवाई इसलिए कर रहे हैं क्योंकि यह एक दहलाने वाला मामला है।

महिला वकीलों की ओर से वकील कीर्ति सिंह ने भी कहा कि यह झकझोरने वाली घटना है। इस पर न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा, हर कोई कह रहा है कि घटना झकझोरने वाली है। हम भी यह मानते हैं। तभी आपको सुन रहे हैं, लेकिन आप इलाहाबाद उच्च न्यायालय क्यों नहीं गईं? क्यों नहीं मामले की सुनवाई पहले उच्च न्यायालय करे, जो बहस यहां हो सकती है, वही उच्च न्यायालय में भी हो सकती है।

लाश नहीं जलाई जाती तो अगली सुबह हिंसा भड़क सकती थी: उप्र सरकार

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म और हत्या कांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के निर्देश देने का उच्चतम न्यायालय से भी अनुरोध किया है तथा कहा है कि यदि युवती की लाश रात को नहीं जलाई जाती तो अगली सुबह हिंसा भड़क सकती थी। योगी सरकार ने कहा है कि इस घटना के बहाने कुछ मीडियाकर्मी और राजनीतिक दल जातीय और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में जुटे हैं। प्रशासन को इस बात की खुफिया जानकारी थी कि बड़ी संख्या में कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कुछ अराजक तत्व जमा होने लगे थे। सुबह जातीय हिंसा भड़क सकती थी और सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता था। इसलिए पीड़िता के घरवालों की रजामंदी के बाद लाश का सांस्कृतिक रीति रिवाजों का पालन करते हुए अंतिम संस्कार किया गया था।

बिहार चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे का ऐलान

जेडीयू 122, बीजेपी 121 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

■ बीजेपी-जेडीयू की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम नीतीश ने दी जानकारी

पटना ए.। बिहार में सत्ताधारी एनडीए गठबंधन की ओर से सीट बंटवारे के ऐलान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि जेडीयू इस बार 122 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बीजेपी के खाते में 121 सीटें गई हैं। जीतनराम मांझी की ॥रू पार्टी को जेडीयू कोटे से 7 सीटें दी गई हैं। वहीं बीजेपी अपने कोटे से मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को सीट देगी। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारा काम बिहार की जनता की सेवा करना है। हमारे बारे में कौन क्या बोल रहा इससे फर्क नहीं पड़ता। चिराग पासवान पर निशाना साधते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि रामविलास पासवान की मैं इज्जत करता हूं। उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं पूछता हूं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार को आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य

नीतीश कुमार ने कहा कि हमारे मन में कोई गलतफहमी नहीं है। बिहार को आगे बढ़ाना है, यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने विपक्षी पार्टी खास तौर से आरजेडी पर जमकर निशाना साधा, कहा कि आरजेडी के शासन काल में कोई काम नहीं हुआ। पटना में बीजेपी-जेडीयू की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने फिर कहा कि नीतीश कुमार ही एनडीए के नेता हैं।

अभी नहीं खुलेंगे स्कूल, ऑनलाइन क्लास जारी रहेंगे : मंत्री टेकाम

रायपुर (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने स्कूलों के खोले जाने को लेकर स्पष्ट किया है कि अभी फिलहाल स्कूल नहीं खुलेंगे। इस दौरान ऑनलाइन क्लास जारी रहेंगे। ज्ञात हो कि अनलॉक-5 में प्रवेश करने के साथ केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों को कोरोना की स्थिति को देखते हुए स्कूल खोलने और बंद रखने का अधिकार दे दिया है। वहीं 15 अक्टूबर से स्कूल खोले की खबरों को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री टेकाम ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल स्कूल नहीं खोले जाएंगे।

रायगढ़ केन्द्र भारत के सर्वश्रेष्ठ मसाला अनुसंधान केन्द्र के रूप में सम्मानित

रायपुर (नव प्रदेश)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ के मसाला अनुसंधान केन्द्र को वर्ष 2019-20 के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ मसाला अनुसंधान केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया है। रायगढ़ केन्द्र को यह सम्मान हल्दी, अदरक, धनिया, मेथी, अजवाइन आदि मसाला फसलों की नई किस्मों के विकास, फसल सुधार, अनुसंधान एवं विस्तार हेतु दिया गया है। यह केन्द्र प्रदेश के आदिवासी किसानों के उत्थान हेतु उनके खेतों में मसाला फसलों की विभिन्न किस्मों के प्रदर्शन भी आयोजित कर रह है। केन्द्र को यह सम्मान अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना 'मसाला' की 31वीं वार्षिक कार्यशाला के अवसर पर प्रदान किया गया।

कोरोना इफेक्ट : इटावा की विश्व प्रसिद्ध रामलीला रद्द

इटावा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में इटावा के जसवंतनगर में सैकडों सालों से आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध रामलीला वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के चलते रदद कर दी गई है ।

रामलीला कमेटी के व्यवस्था प्रभारी अजेंद्र सिंह गौर ने मंगलवार को यहॉ बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित एवं युद्ध प्रदर्शन की प्रधानता वाली रामलीला को कोरोना काल मे आयोजन के लिए प्रशासनिक अनुमित ना मिलने के कारण रद्द कर दिया गया है। रामलीला का आयोजन 14 अक्टूबर से प्रस्तावित था लेकिन अब इसको टाल दिये जाने से रामलीला के दर्शको को मायूसी देखी जा रही है। जसवंतनगर की उप जिलाधिकारी ज्योत्सना बंधु ने बताया कि रामलीला कमेटी की ओर से अनुमति का अनुरोध किया गया था। बडी तादात में लोगों के हिस्सेदारी होती है और प्रबंधन की ओर से संख्या का कोई निर्धारण नही किया जा सका है इसलिए आयोजन की अनुमति नही दी गई है।

मॉरीशस, त्रिनिदाद, थाईलैंड, इंडोनेशिया जैसे देशों के रामलीला प्रेमी जसवंतनगर शैली की रामलीला के बड़े मुरीद हैं।

आयुर्वेद और योग पर आधारित राष्ट्रीय चिकित्सकीय प्रबंधन प्रोटोकॉल जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोरोना वायरस कोविड-19 के प्रबंधन के लिए आयुर्वेद और योग पर आधारित राष्ट्रीय चिकित्सकीय प्रबंधन प्रोटोकॉल मंगलवार को जारी किया। डॉ. हर्षवर्धन ने आज कहा कि चिकित्सकीय अध्ययनों से इस बात की पुष्टि हुई है कि कोरोना वायरस से बचाव में अश्वगंधा,लौंग और गिलोय जैसे आयुर्वेदिक औषधियां काम आती हैं। राष्ट्रीय चिकित्सकीय प्रबंधन प्रोटोकॉल को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और सीएसआईआर के अनुसार अद्यतन किया गया है।

चीन को घेरने भारतीय विदेश मंत्री ने क्वॉड की बैठक में किया इशारा

हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त, खुले और समावेशी बनाने में भारत प्रतिबद्ध

तोक्यो (ए.)। दक्षिण चीन सागर से लेकर पूर्वी लद्दाख तक अपने पड़ोसियों की नाक में दम करने वाले चीनी ड्रैगन को घेरने की तैयारी अब पुख्ता रूप लेती नजर आ रही है। इसका इशारा खुद भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की जापान की राजधानी तोक्यो हो रही बैठक में कर दिया। जयशंकर ने चीन के दादागिरी की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के मुक्त, खुले और समावेशी बनाए जाने को लेकर प्रतिबद्ध है।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, कानून के शासन, पारदर्शिता, नौवहन की स्वतंत्रता, क्षेत्रीय एकजुटता का सम्मान, संप्रभुता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान

के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'मैं कनेक्टविटी और आधारभूत ढांचे के विकास, आतंकवाद, साइबर तथा नौवहन सुरक्षा और इलाके की स्थिरता तथा समृद्धि के लिए होने वाली बातचीत को लेकर आशान्वित हूं।' भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने ट्वीट कर बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि बैठक के दौरान एक-दूसरे के साथ संबंधों के द्विपक्षीय और वैश्विक आयाम पर चर्चा की गई।

छग, एमपी समेत देश के कई हिस्सों में हो सकती है बारिश : मौसम विभाग

नई दिल्ली ए.। देश के ज्यादातर हिस्सों से मॉनसून की वापसी हो चुकी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के मुताबिक अगले 12 घंटों में पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक नमी में कमी और बारिश के खत्म होने से संकेत मिलता है कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून राजस्थान के बचे हिस्सों से भी वापस लौट चुकी है। इसके अलावा यूपी और मध्य प्रदेश के भी कुछ और हिस्सों और गुजरात के ज्यादातर हिस्सों से मॉनसून लौट चुका है।

सर्वोच्च सम्मान रेनहार्ड और ऐंड्रिया ने गैलेक्सी के केंद्र में मौजूद विशाल द्रव्यमान के कॉम्पैक्ट ऑब्जेक्ट की खोज की थी

रॉजर पेनरोज, रेनहार्ड गेंजेल और ऐंड्रिया गेज के नाम फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार

स्टॉकहोम ए.। साल 2020 के लिए फिजिक्स (भौतिकी) का नोबेल पुरस्कार रॉजर पेनरोज, रेनहार्ड गेंजेल और ऐंड्रिया गेज के साथ संयुक्त रूप से देने का ऐलान किया गया है। फिजिक्स के नोबेल से इतिहास में सबसे छोटे पार्टिकल्स से लेकर अंतरिक्ष के रहस्यों की तक की खोज के लिए वैज्ञानिकों को नवाजा जा चुका है।

रॉजर पेनरोज ने यह बताया था कि ब्लैक होल फॉर्मेशन से जनरल थिअरी ऑफ रिलेटिविटी को प्रिडिक्ट किया जा सकता है।

वहीं, रेनहार्ड और ऐंड्रिया ने हमारी गैलेक्सी के केंद्र में मौजूद विशाल द्रव्यमान के कॉम्पैक्ट ऑब्जेक्ट की खोज की थी। रॉयल स्वीडिश अकैडमी ऑफ साइंसेज के सेक्रटरी जनरल होरान हैनसन ने पुरस्कार का ऐलान किया। इस पुरस्कार में गोल्ड मेडल के साथ 11 लाख डॉलर से ज्यादा कैश प्राइज मिलता है। स्वीडिश इन्वेन्टर अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर यह पुरस्कार दिया जाता है।

ट्रंप भी हैं रेस में

नोबेल पुरस्कार देने वाली संस्था के मुताबिक इसी हफ्ते केमिस्ट्री, साहित्य और शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी। वहीं अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कारों की घोषणा अगले सोमवार को की जाएगी। बता दें कि इस बार शांति के नोबेल पुरस्कारों की दौड़ में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी हैं। उन्हें इजरायल और यूएई के बीच शांति डील कराने के लिए नामित किया गया है।

पिछले साल किसे मिला

पिछले साल का पुरस्कार कनाडा में जन्मे कॉस्मॉलजिस्ट जेम्स पीबल्स को बिग बैंग के बाद के वक्त पर थिअरटिकल काम के लिए दिया गया था। उनके साथ स्विस ऐस्ट्रोनॉमर मिचेल मेयर और डीडियर कुएलोज को हमारे सोलर सिस्टम के बाहर के ग्रह की खोज के लिए दिया गया था। इस साल कोरोना वायरस की वजह से ज्यादा लोग समारोह में शामिल नहीं हो सके। सोमवार को मेडिसिन के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार हार्वे अल्टर, माइकल हॉफ्टन और चार्ल्स राइस को दिया गया।

कृषि कानूनों के विरोध की लड़ाई किसानों की नहीं, बल्कि पूरे देश की है: राहुल

सनौर ए.। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नए कृषि कानूनों के मुद्दे पर केंद्र सरकार के प्रति अपना हमलावर रुख मंगलवार को भी जारी रखा और कहा कि इन कानूनों के विरुद्ध लड़ाई केवल किसानों और मजदूरों की नहीं है, बल्कि यह भारत की लड़ाई है। मोगा जिले से रविवार को शुरू हुई 'खेती बचाओ' यात्रा के समापन पर यहां एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि अगर इन कानूनों को लागू कर दिया गया तो किसान और मजदूर कुछ कारपोरेट घरानों के 'गुलाम' बनकर रह जाएंगे।

नरेंद्र मोदी से मिले वाईएस जगन मोहन रेड्डी

एनडीए में शामिल होने की अटकलें तेज

नई दिल्ली ए.। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गई है। क्योंकि वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अभी 23 और 24 सितंबर को अमित शाह से मुलाकात की थी। वाईएसआर कांग्रेस के राजग में शामिल होने की अटकलों के बीच आठ महीने बाद रेड्डी और पीएम मोदी की मुलाकात हुई है। बैठक के दौरान राजनीतिक

मुद्दों पर चर्चा हुई या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, 40 मिनट तक चली बैठक में रेड्डी ने लंबित बकाया धनराशि और कडपा इस्पात संयंत्र जैसी विभिन्न परियोजनाओं के लिए मंजूरी पर चर्चा की।

वन अधिकार पत्रक धारक किसानों को भी मिलेगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

लोक सेवा गांरटी अधिनियम-समय सीमा के बाद लंबित प्रकरणों पर बिफरे कलेक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध मे अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व वन क्षेत्रों मे काबिज अनुसूचित जनजाति के लोगों को वन भूमि का पट्टा (वन अधिकार पत्रक) दिया गया है और इन हितग्राहियों द्वारा प्राप्त वन भूमि पर खेती का कार्य किया जा रहा है। अब वन भूमि पर खेती करने वाले हितग्राही किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिया जाएगा। इस हेतु उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्राप्त, निराकरण और समय सीमा के बाद लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होने विभिन्न सेवाओं के तहत जिले में 7 सौ प्रकरण समय सीमा के बाद लंबित होने पर अपनी गहरी नराजगी व्यक्त की और समय सीमा के बाद लंबित प्रकरणों को यथा शीघ्र निराकृत करने के लिए

संबंधितों को सख्त और कड़े निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले नये किसानो के पंजीयन की प्रगति के संबध में जानकारी प्राप्त की और उन्होने हर हाल में धान विक्रय करने वाले नए किसानों के पंजीयन तथा धान खरीदी केंद्रो को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने प्रधानमंत्री आर्दश ग्राम, सासद आर्दश ग्राम और विधायक आर्दश ग्राम के बारे में जानकारी प्राप्त की और इन सभी आर्दश ग्रामों में किये गये विकास कार्यो की समीक्षा की। बैठक में उन्होने नहर किनारे कये गये अतिक्रमण के बारे में जानकारी प्राप्त किया और नहर किनारें किये गये अतिक्रमणों को हटाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कृषि,मस्त्य, उद्यानिकी और पशुपालन विभाग द्वारा जारी किसान केडिट कार्ड के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा पात्र हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से किसान केडिट कार्ड जारी करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत लागू मोबाईल एप्प के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और गोधन न्याय योजना के सभी कार्यो को मोबाईल एप्प में दर्ज करने के निर्देश दिये।

न्यूज गैलरी

आई.आई.टी. के लिए चयनित दो छात्रों को कलेक्टर ने दी शुभकानाएं

जांजगीर-चांपा (नव प्रदेश)। कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने जांजगीर के आकांक्षा कोचिग सेंटर से आई.आई.टी. के लिए एडवांस परीक्षा मे चयनित दो छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानाएं दी है। आकांक्षा कोचिग सेंटर में कोचिंग प्राप्त आई.आई.टी. (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)के लिए चयनित छात्र रविशंकर और चूड़ामणि साहू ने आज कलेक्टर कक्ष मे कलेक्टर श्री यशवंत कुमार से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर ने इन दोनो प्रतिभावान छात्रों को आई.आई.टी. मे चयन होने के लिए उन्हें बधाई और शुभकानाएं दी। कलेक्टर ने इन छात्रों से कहा कि वे मेहनत और लगन के साथ आगे की पढ़ाई करें तथा अपना, अपने परिवार और जांजगीर जिले का नाम रौशन करें। ज्ञातव्य है कि जांजगीर के आकांक्षा परिसर में जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जिला खनिज न्यास निधि (डी एम एफ) कोचिंग की व्यवस्था की गई है। जिसका संचालन कलेक्टर श्री यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी चारू चित्र उपस्थित थीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना सर्वेक्षण दल से सहीं जानकारी साझा करने की अपील की

जांजगीर-चांपा (नव प्रदेश)। प्रदेश के लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम 12 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है। इस दौरान लोगों से सामान्य प्रश्न पूछे जा रहे हैं जैसे किसी को सर्दी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, थकान तो नही हो रही है आदि। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने लोगों से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग के दल को सही जानकारी दी जाए ताकि यदि वे लक्षण कोरोना के हों तो तुरंत जांच की जाएगी और उपचार भी तत्काल ही शुरू हो जाएगा। श्री सिंहदेव ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि कोरोना के लक्षण जल्दी पता चलने और उपचार प्रारंभ होने से कोरोना के मरीज पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। उन्होने सर्वेक्षण को सफल बनाने की अपील की है।

राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष का जांजगीर जिला प्रवास

जांजगीर (नव प्रदेश)। राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉक्टर महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ का जांजगीर जिले का प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 7 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे श्री दूधाधारी मठ से रवाना होकर 11:30 बजे श्री सीताराम मंदिर गोंड़ पारा बिलासपुर पहुंचेंगे, यहां दर्शन पूजन के पश्चात वे 12:15 पर बिलासपुर स्थित उसलापुर के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:00 बजे वे पुनः सीताराम मंदिर गोंड़ पारा बिलासपुर पहुंचेंगे, 2:30 पर उनका आगमन जांजगीर नैला स्थित श्री कृष्ण गौशाला में होगा यहां गौशाला का निरीक्षण करेंगे तत्पश्चात यहां से श्याम 4:00 बजे बाराद्वार के स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, शाम 5:30 पर उनका आगमन जांजगीर स्थित सर्किट हाउस में होगा यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट जनों से भेंट मुलाकात कर चर्चा करेंगे शाम 6:30 पर जांजगीर के समीप स्थित ग्राम पचेड़ा के कामधेनु गौशाला के निरीक्षण के कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा शाम 7:30 पर शिवरीनारायण पहुंचेंगे, रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा।

मिनी फुटबॉल संघ मुंगेली द्वारा निशुल्क फुटबॉल किट वितरण

मुंगेली (नव प्रदेश)। 4 सितम्बर को यूनाइटेड एफसी एवं मिनी फुटबॉल संघ मुंगेली के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निशुल्क फुटबॉल किट का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आनंद देवांगन अध्यक्ष मिनी फुटबॉल संघ मुंगेली एवं चंदन सिंह टंडन जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ छात्र संगठन (जोगी) थे केशव ध्रुव (डायरेक्टर मिनी फुटबॉल संघ) सुरजीत सिंह टंडन (सचिव मिनी फुटबॉल संघ) तथा मिनी फुटबॉल संघ मुंगेली के सदस्य ईश्वर प्रसाद टंडन भावेश देवांगन एम एल नेताम रोशन कुजूर इस कार्यक्रम में मौजूद थे इस कार्यक्रम में आनंद देवांगन जी ने फुटबॉल किट का वितरण किया तथा खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथी चंदन सिंह चंदन ने महिला खिलाड़ियों को निरंतर प्रयास करने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुम्बई-हावड़ा-मुम्बई एवं हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन प्रतिदिन

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा 01 जून से चल रही 02810/02809 हावडा-मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन एवं 02834/02833 हावडा-अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन का परिचालन सप्ताह में तीन दिन की जगह अब सप्ताह में प्रतिदिन चलेगी। 02810 हावडा-मुम्बई स्पेशल ट्रेन दिनांक 06 अक्टूबर, 2020 से प्रतिदिन हावडा से चलेगी। इसी प्रकार 02809 मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 08 अक्टूबर, 2020 से प्रतिदिन मुम्बई से चलेगी। 02834 हावडा-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 से सप्ताह में प्रतिदिन हावडा से चलेगी एवं इसी प्रकार 02833 अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 10 अक्टूबर से सप्ताह में प्रतिदिन अहमदाबाद से चलेगी । इन दोनों गाड़ियो का टाटानगर एवं चक्रधरपुर रेल्वे स्टेशनो में ठहराव दिया जा रहा है ।

महाराणा प्रताप चौक ब्रिज के आसपास यातायात बल की तैनाती होगी- आईजी

बैठक में मुख्य रूप से उन्होंने नो-पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने की बात कही

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। आईजी दीपांशु काबरा ने आज रेंज कार्यालय में यातायात व्यवस्था संबंधी सोसल डिस्टनसिंग नियमों का पालन के साथ बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रोहित कुमार बघेल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सत्येंद्र पांडे, शहर यातायात के थाना कोतवाली, सरकंडा, तिफरा, मंगला, लिंक रोड के थाना प्रभारियों एवं अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे ।

पुलिस महानिरीक्षक दीपांशु काबरा द्वारा बैठक के दौरान अच्छी यातायात व्यवस्था के संबंध में क्रमश थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी यातायात की समस्या एवं यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु उनसे जानकारी ली। उन्हें अच्छी यातायात व्यवस्था हेतु उनसे आवश्यक संसाधनों की भी जानकारी ली। महाराणा प्रताप चौक परिक्षेत्र में वर्तमान में हो रहे निर्माण कार्य को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि यहां पिक ऑवर में आवश्यकतानुसार महाराणा प्रताप चौक ब्रिज के ऊपर एवं उस पार यातायात बल की पर्याप्त तैनाती की जाए तथा इस समय किसी भी प्रकार के माल वाहक वाहनों का परिवहन कार्य न हो तथा वाहनें अपनी छूट के समय ही परिवहन करें। इस चौक पर लोगों द्वारा निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे से यू टर्न लिए जाने से यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटना की संभावना को देखते हुए, उन्होंने इस स्थान पर यातायात का बल एवं आयरन स्टापर लगाए जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य रूप से उन्होंने नो-पार्किंग पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने, वाहनों के लिए वाइट येलो लाइन के बाहर वाहन खड़ी किए जाने पर प्रमुखता से वाहन लिफ्टिंग उनमें व्हीकल एनालाइजर से लॉक करने तथा यलो नोटिस चस्पा की कार्रवई लगातार करने के साथ लोगों को वाहन निर्धारित पार्किंग में तथा यलो लाइन के भीतर खड़ी किए जाने समझाइश दिए जाने व उन्हें जागरूक करने की बात कही।

यातायात बल का अधिकाधिक उपयोग किए जाने हेतु, उन्होंने यातायात थाना प्रभारियों को सरल ढंग से समझाते हुए बताया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र को पहले बीट में विभाजित करें तथा एक-एक बिट प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की मोटरसाइकिल पेट्रोलिंग टीम गठित कर, उनसे लगातार पेट्रोलिंग कराते हुए, यातायात व्यवस्था की जाए। पेट्रोलिंग टीम द्वारा रॉन्ग पार्किंग एवं नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर विकल लॉक एवं यलो नोटिस चस्पा किया जाए तथा इस प्रकार के प्रकरण को निराकरण हेतु न्यायालय भेजा जाए।

खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे एसडीओपी

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। सन राइस क्रिकेट सोसाइटी मूँगेली व बिलासपुर (फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी) के बीच दोस्ताना क्रिकेट मैच के हौसला बढ़ाने के लिए विशेष रूप से मूँगेली पुलिस विभाग की एडिसनल एस पी चंदेल, एस डी ओ पी टी पटेल व अनिल गोगिया,आरक्षक दूजराम साहू , व बलराम साहू उपस्थित थे ।

कोरोना काल को देखते हुए खिलाड़ियों को जब भी समय मिले योग करने व खेल के साथ साथ पढ़ाई करने हमेशा आगे बढ़ने की सलाह दिए , हमेशा खिलाड़ियों के मदद के लिए तैयार पुलिस विभाग के अफसरों ने अपनी कीमती समय देकर खिलाड़ियों को ज्ञान की बाते बताई व उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में भी हाथ दिखाए , खिलाड़ियों में एक अलग सा उत्साह देखने को बन रहा था।मूँगेली व बिलासपुर के बीच 30 -30 ओवर का मैच हुआ, जिसमें बिलासपुर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 66 रन बना पाए जवाब में मूँगेली के खिलाड़ियों ने शुरुआत अच्छी नहीं कि उनका लगातार विकेट गिरता रहा , लेकिन अंत में जीत मूँगेली की हुई । समय होने के कारण दूसरा मैच 18 -18 ओवरों का हुआ जिसमें बिलासपुर ने फिर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन ही बना पाए जवाब में मूँगेली ने यह मैच भी दबाव पूर्ण मैच को 4 विकेट से जीत गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाया मूँगेली कोच जलेश यादव का उद्देश्य है कि जितनी ज्यादा हो खिलाड़ियों को मैच खिलाया जाए ताकि उन्हें हर तरह से परिपक्व किया जा सके । इस कारण हर सप्ताह दो तीन मैच दूसरे जिलों व दूसरे राज्यों की टीम से मैच खिलाया जाता है।

---

70 विशेषज्ञ डॉक्टरो के नियुक्ति का आदेश

बिलासपुर (नव प्रदेश)। कोरोना संक्रमण के बीच राज्य सरकार ने राहत भरा निर्णय लिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव सुरेंद्र सिंह बघे ने प्रदेश के अलग अलग शासकीय हॉस्पिटल के लिए 70 विशेषज्ञ डॉक्टरो के नियुक्ति के आदेश जारी किए है। सोमवार को राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस साल जून में विभिन्न चिकित्सा स्नातकोत्तर एमडी, एमएस एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अंतिम परीक्षा में शामिल हुए,नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना सूची जारी की है।

जिससे प्रदेश के शासकीय मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों, सुपरस्पेशियालिटी अस्पताल, विभिन्न जिला चिकित्सालयों तथा मातृ एवं शिशु अस्पतालों में इन विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। जिसके तहत बिलासपुर जिले में 7 विशेषज्ञ डॉक्टरो की नियुक्ति की गई है। जिसमे 6 सिम्स हॉस्पिटल तो एक डॉक्टर की नियुक्ति जिला अस्पताल में की गई है।

राज्य शासन के द्वारा हॉस्पिटलों के सविदा पदो के लिए दो सालों की कार्य योजना तैयार की है। यानि कि डॉक्टर एक साल बाद स्वता कार्यमुक्त होकर दूसरे हॉस्पिटलों में जवाइंग करगे।

कोरोना की कड़ी तोड़ने के लिए हर घर सर्वे का कार्य 12 तक

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में बताया कि कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम (कोरोना की कड़ी को तोड़ने) के लिए 5 अक्टूबर से हर घर का सर्वे प्रारंभ हो गया है। सर्वे का कार्य 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस संबंध में उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से प्रशिक्षण आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त किये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि

सर्वे टीम द्वारा सर्वे के दौरान हाई रिस्क ग्रुप और लक्षण वाले मरीजो की पहचान की जाएंगी। कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि प्रत्येक घर में सर्वे के लिए प्रत्येक पंचायत के लिए अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। ये टीम प्रत्येंक घर पहुँचेगी और जानकारी एकत्रित करेंगे और संबंधित घर में लक्षण वाले व्यक्ति पाये जाते है तो उन्हे पास के ही सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड-19 जांच के लिए भेजा जाएंगा। सर्वे टीम में क्षेत्र की मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता को शामिल किया गया है। उन्होने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समन्वक स्थापित कर निर्धारित समय में कोरोना सधन सामुदायिक सर्वे अभियान को सफल बनाने की बात कही।

चकरभाठा हवाई अड्डे का निरीक्षण किया कलेक्टर ने

बिलासपुर (नव प्रदेश)। कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज चकरभाठा हवाई अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने अपूर्ण कार्यों का शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया जिससे बिलासपुर में हवाई सेवा शीघ्र चालू हो सके।

कलेक्टर ने आज हवाई अड्डे के टर्मिनल एवं रनवे में चल रहे कार्यों को देखा फिर हवाई अड्डे के चारों और बांउड्री वाल में फेसिंग का निरीक्षण कर इसके विस्तार के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। ठेकेदार को मौके पर बुलाकर निर्देशित किया कि फोर्स और मशीनरी लगाकर जल्द कार्य पूर्ण करे। वर्तमान में चकरभाठा हवाई अड्डा का फेंसिग 2सी श्रेणी का है। जिसे अपग्रेड कर 3सी श्रेणी के अनुसार फेसिंग का कार्य कराया जा रहा है। कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद अधिकारियों की बैठक ली और निर्देश दिया कि रनवे के दोनों ओर ग्रेडिंग के बचे कार्य, जहां रनवे समाप्त होता है वहां दोनो ओर रेशा कार्य, नाली निर्माण के शेष कार्य 20 अक्टूबर के पूर्व पूरा करें।

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरणों में सहायता राशि मंजूर

जांजगीर-चांपा (नव प्रदेश)। कलेक्टर यशवंत कुमार ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 2 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कुल आठ लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान के भुगतान की मंजूरी दी है। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार ग्राम सलनी के सुकदेव टण्डन की अग्नि दुर्धटना से मृत्यु हाने पर उनके निकटतम वारिस उसकी पत्नि श्रीमती कुमारी बाई और ग्राम सिरली निवासी दिनेश उरांव की डुबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस उनकी मां धनाई बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पुलिस लाइन में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के परिपालन में 'स्पंदन अभियान' जिले में लगातार चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 01.अक्टूबर से 05. अक्टूबर 2020 तक पुलिस लाइन में योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाया गया। जिसका उद्देश्य जवानों के जीवन मे उमंग और उत्साह लाना है साथ ही साथ शारीरिक ,मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से उन्हें नीरोगी एवं स्वस्थ बनाना है। ज्ञातव्य है कि इस 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण का प्रशिक्षक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक आरक्षक थाम्बेश्वर सिंह परिहार हैं।

सड़क दुर्घटना में एक डॉक्टर की मौत, 3 घायल

बिलासपुर (नव प्रदेश)। सोमवार की देर रात कानन पेंडारी के पास कोटा मोड में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 3 घायल हो गए। घटना देर रात की बताई जा रही है। कार सवार मुंगेली की ओर से बिलासपुर आ रहे थे।कोटा मोड़ के पास उनकी कार एक अनियंत्रित हो गई और एक पेड़ से जा टकराई।

आखिरकार... आरोपी के पास से 8 नग अलग अलग कम्पनियों की चोरी के वाहन बरामद की

चोरी के वाहन में घूम रहा आरोपी सपड़ाया

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। चोरी के दुपहिया वाहन से सड़क पर फर्राटा मार रहा था मुखबीर की सूचना पर तोरवा पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्त किया । जिसके पास से चोरी की 8 दुपहिया वाहन जब्त की गई।

शहर में लगातार हो रहे दुपहिया वाहन , स्कूटी चोरी के संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं नगर पुलिस अधीक्षक निमेश बरैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तोरवा के द्वारा एक टीम गठित की गई थी जिस पर प्रार्थी योगेश यादव पिता बद्री प्रसाद यादव उम्र 27 साल निवासी बालाजीपुरम कालोनी बसत बिहार लिंगियाडीह सरकण्डा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रेल्वे इंस्टीट्यूट में व्यायामक करने आया था सुबह 6:40 बजे अपनी मोटर सायकल डिस्कवर क्रमांक सीजी 10 एनसी 0315 ब्लू कलर जिसका इंजन नम्बर इंस्टीट्यूट नार्थ रेल्वे के सामने खड़ी कर व्यायाम करने चला गया करीब एक घंटे बाद वापस आया तो देखा मोटर सायकल को अज्ञात चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध धारा 379 भा.द वि. कायम कर पता तलाश किया जा रहा था कि मुखबीर से सूचना मिला कि एक हरे रंग का टीशर्ट पहना व मटमैला रंग का चड्डा पहना दद्दू साहू नामक व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में घुम रहा है जो चोरी का है। सूचना पर तोरवा पुलिस स्टाप के द्वारा आरोपी को तलाश हेतु टीम बनाकर रवाना किया गया जो बुधवारी बाजार मुर्रा भट्टी झोपड़पट्टी अंदर लुकते छिपते मिला पूछताछ पर उसने चोरी गये उक्त मोटर सायकल के अलावा 1-2 माह पूर्व से लगातार मोटर सायकल,एक्टीवा प्लेजर, अलग-अलग स्थान अलग-अलग थाना क्षेत्र से चोरी कर अलग-अलग स्थानों पर छुपा कर रखना बताया।

दशहरा पर्व को लेकर दिशा-निर्देश जारी

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सभी संबंधित उपाय अमल में लाया जा रहा है। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने दशहरा पर्व को लेकर नई गाइड लाइन जारी किया है। जिसके तहत अब रावण के पुतलों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होगी। वहीं अब रावण दहन के दौरान समिति के पदाधिकारी सहित किसी भी हाल में 50 व्यक्तियों से अधिक व्यक्ति शामिल नही होंगे।

जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है कि रावण के पुतला दहन किसी बस्ती, राहवासी इलाके में नही किया जाएंगा। पुतला दहन खुले स्थान पर किया जाएंगा। आयोजन के दौरान केवल पूजा करने वाले व्यक्ति शामिल होंगे। अधिक भीड़ एकत्रित होने की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि कार्यक्रम का यथा संभव ऑनलाइन माध्यमों आदि से प्रसारण किया जाए। पुतला दहन के दौरान का विडियो ग्राफी कराया जाएं। आयोजक एक रजिस्टर से संधारित करेंगे। जिसमें पुतला दहन कार्यक्रम में आने वाले व्यक्तियों का नाम, पता, मोबाईल नंबर दर्ज किया जाएंगा। आयोजन करने वाले व्यक्ति अथवा समिति 4 सीसीटीवी कैमरा लगाएंगा। ताकि उनमें से किसी भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित होने पर कांटेक्ट टेअसिंग किया जाए।

न्यूज गैलरी

मरवाही उपचुनाव : प्रेक्षक एवं लाइजनिंग व सहायक लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त

रायपुर। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने विधानसभा उप निर्वाचन-2020 विधानसभा क्षेत्र 24-मरवाही (अ.ज.जा.) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक हेतु शरद श्रीवास्तव, प्रभारी कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग पेंड्रा को लाइजनिंग अधिकारी एवं अनिल साहू, सहायक खनिज अधिकारी को सहायक लाइजनिग अधिकारी नियुक्त किया है। व्यय प्रेक्षक हेतु जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश पाल और सहायक लेखा अधिकारी जनपद पंचायत पेंड्रा पदमाकर सिंह परिहार को सहायक लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने सिक्खो के सातवें गुरू हर राय को दी श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने मंगलवार को ट्वीट कर श्रेष्ठ योद्धा, राष्ट्रवादी महापुरूष एवं सिक्खो के सातवें गुरू हर राय जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है।

मंत्री सिंहदेव ने कोरोना सर्वेक्षण दल से सही जानकारी साझा करने की अपील की

रायपुर। प्रदेश के लोगों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम 12 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है। इस दौरान लोगों से सामान्य प्रश्न पूछे जा रहे हैं जैसे किसी को सर्दी,बुखार ,सांस लेने में तकलीफ,थकान तो नही हो रही है आदि। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने लोगों से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग के दल को सही जानकारी दी जाए ताकि यदि वे लक्षण कोरोना के हों तो तुरंत जांच की जाएगी और उपचार भी तत्काल ही शुरू हो जाएगा। श्री सिंहदेव ने कहा कि यह साबित हो चुका है कि कोरोना के लक्षण जल्दी पता चलने और उपचार प्रारंभ होने से कोरोना के मरीज पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। उन्होने सर्वेक्षण को सफल बनाने की अपील की है।

नवा रायपुर अटल नगर से लेकर हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सट्टे का धंधा

मंत्रालय और पीएचक्यू स्टाफ भी लगा रहा दांव

■ बेखौफ सटोरिया का बयान पुलिस हमें कुछ नहीं करेगी, पैसा लेगी और छोड़ देगी

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राजधानी पुलिस के सारे दावों को एक सटोरिया के कथित वीडियो ने खोखला साबित कर दिया है। गांजा, अवैध शराब, सट्टा के खिलाफ एसएसपी अजय यादव के सख्त निर्देशों के बाद भी थाना पुलिस के कानों में जूं नहीं रेंग रही। नतीजतन मंत्रालय और पुलिस मुख्यालय के बीच बेखौफ सटोरिए अपना धंधा पसार चुके हैं। यही नहीं दांव लगाने वालों में सरकारी कारिंदे बड़ी संख्या में हैं। इसलिए पुलिस भी महज नजराना लेकर कार्रवाई की बजाए मुंह मोड़ ली है। हाथों में 5-5 सौ रुपए की मोटी गड्डी लिए एक कम उम्र सटोरिया बेखौफ कथित वीडियो में बयान जारी कर रहा है कि पुलिस उसे कुछ नहीं करेगी, बस उन लोगों से पैसा लेकर हमेशा की तरह छोड़ देगी। यह कार्रवाई भी पुलिस तब करती है जब कोई शिकायती फोन आता है। नहीं तो हफ्ता बंधा हुआ है गश्ती टीम भी नजराना लेकर एक तरह से पूरे गोरखधंधे में मौन समर्थन दे रही है। प्रदेश के सभी शासकीय दफ्तरों के लिए सबसे आलिम-फाजिल लोगों का मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर का मंत्रालय, सचिवालय और पीएचक्यू से महज चंद मीटर दूर सटोरिए दांव लगवा रहे हैं। हाथ में नोटों की गड्डी और सट्टा पट्टी लिए मंत्रालय के पास वाली झुरमुट में छुपकर बैठे दो युवक खुद पुलिस की शह और भूमिका का बखान कर रहे हैं।

बता दें कि राजधानी रायपुर का यह आउटर है फिर शहर के बीचों बीच हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर में सिंधी कॉलोनी की गलियां और मैदान में सट्टा पट्टी लिखते और दांव फंसने पर चुकारा देने हाथों में नोट की गड्डी लेकर यहां भी खाईवाल के कारिंदे धंधा चला रहे हैं। मजे की बात यह कि लॉकडाउन के वक्त भी तैनात पुलिस लाखे नगर मैदान की ओर जाने वालों को नहीं रोकती थी। इससे साफ हो जाता है कि दांव, फड़ और सट्टे-जुएं के प्रति वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेश को भी थाना स्तर पर किस तरह लिया जाता है।

कार्रवाई के बाद रकम का भी गबन

वीडियों में एक सटोरी कहता हुआ दिखाई दे रहा है कि पुलिस उन लोगों को पकड़ती तो है, फिर बाद में पैसे लेकर उन्हें छोड़ देती है। वहीं जब उन्हें थाने लेजाया जाता है, उस दौरान जब्त नगदी की आधे से ज्यादा रकम कार्रवाई करने आये पुलिसकर्मी ही गबन कर लेते है। थाने से कार्रवाई करने आये पुलिसकर्मी उनके पास से ज्यादा पैसा जब्त करते हैं और रिपोर्ट में कम दर्शाते है। कुछ तो थाने में ही पैसा लेकर जमानत के तौर पर उन्हें छोड़ देते है।

सेटिंग के बाद बंटा है धंधेबाजों का क्षेत्र

एक की ही नहीं बल्कि नवा रायपुर से लेकर पुराना रायपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में थाना स्तर पर सेटिंग कर सट्टे का धंधा चलता है। इसलिए नवा रायपुर के मंत्रालय, एयरपोर्ट रोड, माना बस्ती, कमल विहार और धनेली नाला के इलाकों में एक का ही कारोबार है। फिर महादेवघाट, भाठागांव, राखी, सेजबहार, लाखे नगर मैदान, स्टेशन चौक और गुढ़ियारी के अलावा शास्त्री बाजार, महोबाबाजार में भी अन्य पुराने सटोरिये काम कर रहे हैं।

महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया शुरू करें : कृषिमंत्री

■ राज्य को बीज उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनाएं

■ कृषि मंत्री ने ली तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं प्रभारी अधिकारियों की बैठक

कृषि आधारित गतिविधियों को और बढ़ावा दें : चौबे

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज नवा रायपुर स्थित शिवनाथ भवन में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मंडी बोर्ड एवं बीज विकास निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर सभी विभागों के काम-काज की गहन समीक्षा की। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में खेती-किसानी और इससे संबंधित गतिविधियों के विस्तार को लेकर अपेक्षाएं बढ़ी हैं। लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए कृषि और उससे संबंधित क्षेत्र में और अधिक बेहतर तरीके से काम करने की जरूरत है। कृषि मंत्री ने कृषि एवं संबंधित विभागो के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों को पहुंचाने की दिशा में और अधिक संजीदगी से काम करने की बात कही। खरीफसीजन में खाद-बीज की बेहतर व्यवस्था के लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि रबी में भी इसी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता, मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री हिमशिखर गुप्ता, संचालक कृषि श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, जलग्रहण मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जगदीश सोनकर, संचालक उद्यानिकी श्री माथेश्वरन व्ही. सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

रायपुर। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने आज नवा रायपुर स्थित शिवनाथ भवन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर तथा कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग के कुलपति तथा महात्मा गांधी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी की बैठक लेकर विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान एवं क्षेत्र प्रचार के काम-काज की स्थिति की समीक्षा की। कृषि मंत्री ने दुर्ग जिले के सांकरा स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय में चालू शैक्षणिक सत्र में स्नातक शिक्षा के लिए पात्र विद्यार्थियों के दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने उद्यानिकी विश्वविद्यालय की गतिविधियों को तत्परता से शुरू कराने के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों में स्थित उद्यानिकी विभाग की कुछ नर्सरियों को विश्वविद्यालय के जिम्मे सौंपने की भी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू और कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम. गीता भी मौजूद थीं। कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। कृषि का विकास ही छत्तीसगढ़ का विकास है। उन्होंने विश्वविद्यालयों को राज्य के ग्रामीण अंचलों में कृषि, उद्यानिकी, फूड प्रोसेसिंग सहित कृषि आधारित गतिविधियों के विस्तार पर जोर दिया और कहा कि इसका लाभ राज्य के किसान को मिलना और दिखना चाहिए।

कोरोना से जंग...

सभापति प्रमोद दुबे ने भगवतीचरण शुक्ल वार्ड 57 के अंतर्गत पेंशनबाड़ा में निःशुल्क काढ़ा वितरण किया।

रायपुर। राजीव गांधी चौक में हाथरस की घटना को लेकर कांग्रेसियों ने दिया धरना।

घर घर कोरोना की जानकारी जुटाया जा रहा

सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के पहले दिन 6.82 घरों में दस्तक

रायपुर (नव प्रदेश)। कोविड-19 के लक्षणात्मक मरीजों की पहचान के लिए कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के पहले दिन 5 अक्टूबर को प्रदेश भर के छह लाख 81 हजार 609 घरों में सर्वे किया गया। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी इलाकों में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का मैदानी अमला घर-घर जाकर कोविड-19 के संभावित मरीजों की जानकारी जुटा रहा है।

कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न टीमों ने जांजगीर-चांपा जिले में 66 हजार 855, रायगढ़ में 50 हजार 476, महासमुंद में 40 हजार 987, जशपुर में 40 हजार 762, राजनांदगांव में 35 हजार 904, रायपुर में 34 हजार 738, कबीरधाम में 34 हजार 658, कोरबा में 31 हजार 940, बिलासपुर में 29 हजार 060, बालोद में 24 हजार 983, दुर्ग में 24 हजार 529, कांकेर में 24 हजार 329, सूरजपुर में 24 हजार 118 और गरियाबंद में 22 हजार 843 घरों में पहुंचकर कोरोना के लक्षण वाले संदिग्ध मरीजों की जानकारी ली। अभियान के तहत 5 अक्टूबर को धमतरी जिले में 22 हजार 179, मुंगेली में 20 हजार 321, कोंडागांव में 18 हजार 860, सरगुजा में 18 हजार 844, बलौदाबाजार-भाटापारा में 17 हजार 633, बलरामपुर-रामानुजगंज में 17 हजार 421, बेमेतरा में 15 हजार 798, कोरिया में 15 हजार 174, बस्तर में 15 हजार 171, सुकमा में दस हजार 939, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आठ हजार 077, दंतेवाड़ा में सात हजार 133, बीजापुर में पांच हजार 336 तथा नारायणपुर में दो हजार 541 घरों में सर्वे किया गया।

कांग्रेस किसानों का मखौल उड़ा रही है : बृजमोहन

■ खरीफ सत्र से सरकार कर रही धोखाधड़ी

■ नकली कीटनाशक दवाओं का दिखा असर

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व कृषि मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने नकली कीटनाशक दवाओं से फसल नहीं बचा पाने पर किसान दुर्गेश निषाद द्वारा आत्महत्या करने के मामले में प्रदेश सरकार पर फिर तीखा हमला बोला है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नकली कीटनाशक दवाओं के प्रदेश में चल रहे गोरखधंधे पर भाजपा के ध्यानाकर्षण के बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री रवींद्र चौबे आँखों पर पट्टी बांधे, कानों में रुई ठूसे और मुँह में दही जमाए बैठे रहे और आज मृतक किसान के परिजनों के सामने घड़ियाली आँसू बहाकर किसानों का मखौल उड़ा रहे हैं। कर्जजमाफ़ी, बोनस भुगतान और पिछले वर्ष के धान की कीमत के भुगतान के नाम पर कपटपूर्ण राजनीति चरित्र ने कांग्रेस को बेनक़ाब कर दिया है। इस सत्र की शुरुआत में किसानों को घटिया बीज दिया गया जो अंकुरित ही नहीं हुआ। फिर ज़रूरत के समय किसान रासायनिक खाद की जमाखोरी-कालाबाजारी के कारण दर-दर की ठोकरें खाने विवश हुआ और साथ ही तभी से किसान नकली कीटनाशक दवाओं के नाम पर लूटा जाता रहा।

पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के सभी इलाकों में नकली कीटनाशक दवा का छिड़काव करने वाले किसान तबाह हो गए हैं और हताश-निराश किसान अब आत्महत्या के लिए विवश हो रहे हैं। श्री अग्रवाल ने इस बात पर भी हैरत जताई कि प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू अब नकली कीटनाशक मामले में जाँच कराने की बात कह रहे हैं, लेकिन पिछले खरीफ सत्र की फसल के खाद-बीज और कीटनाशक के नमूनों की जाँच रिपोर्ट तक अब तक नहीं आई है जबकि किसानों ने फसल काटकर बेच भी दी! श्री अग्रवाल ने कहा कि इससे साफ है कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ अमानवीयता की सारी हदें लांघने पर आमादा है। श्री अग्रवाल ने यह महज़ एक किसान की आत्महत्या का ही मामला नहीं है, वरन किसान को आत्महत्या के बाध्य करने का आपराधिक मामला है और इसके लिए प्रदेश सरकार न केवल कीटनाशक सप्लाई करने वाली दवा कंपनी पर कारगर कार्रवाई करे अपितु कंपनी के ख़िलाफ़ आपराधिक मामला भी दर्ज कर मामले की जाँच कराए।

सियासत | जाति के पेंच में एक बार फिर उलझ गई जोगी दंपत्ति

अमित जानते थे लगेगा अड़ंगा तो ऋचा थीं विकल्प

■ अमित की पत्नी ऋचा का जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने कलेक्टर का नोटिस

■ मुंगेली कलेक्टर आज 8 अक्टूबर को मामले की सुनवाई कर देंगे आदेश

बहू की इज्जत पर हाथ डालने वालों को जनता देगी जवाब-अमित

ऋचा जोगी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर उपजे नए विवाद पर अमित जोगी ने कहा है कि अपनी बहू की इज्जत में हाथ डालने वालों को मरवाही की जनता जवाब देगी। अमित जोगी ने ट्वीट कर कहा कि 'जब मेरी धर्मपत्नी डॉक्टर ऋचा जोगी का पैतृक परिवार कम से कम पाँच दशकों से अनुसूचित जनजाति वर्ग से सरकारी नौकरियाँ करते आ रहा है, तब तो किसी को उनकी जाति की याद नहीं आई. आज ऋचा का केवल एक ही दोष है कि वो स्वर्गीय अजीत जोगी जी और डॉक्टर रेनु जोगी जी की बहु, मेरी धर्मपत्नी और मेरे दो महीने बेटे की माँ है। जब मेरा पिता जी से नहीं निपट पा रहे हैं तो अब मेरे दूध पीते बेटे की माँ के पीछे नहा धो के पड़ गए हैं। कांग्रेस और भाजपा जोगी परिवार के सामाजिक सम्मान की हत्या करने के लिए किसी हद तक भी जा सकती है।

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। ऐन चुनाव के वक्त बीते कई सालों से जोगी परिवार का जाति मामला उठता रहा है। एक बार फिर मरवाही विधानसभा उपचुनाव के समय अमित जोगी संभावित प्रत्याशी हैं तो मामला तूल पकड़ लिया है। संभवतया तेज दिमाग अमित को इसका अंदेशा था इसलिए वे चुनाव से पहले ही पार्टी प्रत्याशी के रूप में पहला विकल्प अपनी पत्नी ऋचा को मान रहे थे। इसलिए चुनाव लड़ने की संभावना के मद्देनजर पत्नी ऋचा के जाति प्रमाण पत्र के लिए 15 जुलाई को आवेदन लगाया था। महज 48 घंटे के भीतर ही एसडीएम ने 17 जुलाई को गोंड आदिवासी जाति प्रमाण पत्र जारी किया था। अब पैतृक विधानसभा सीट के लिए जद्दोजहद कर रही जोगी दंपत्ति की जाति पर फिर से पेंच व अंड़गा लग गया है। कलेक्टर आपत्ति जताने पर जाति प्रमाण पत्र के लिए संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। मुंगेली कलेक्टर ने 8 अक्टूबर को मामले की सुनवाई के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से अब तक मरवाही विधानसभा में जोगी परिवार का ही दबदबा रहा है। वहीं अब पूर्व मुयमंत्री अजीत जोगी के निधन के बाद इस सीट पर एक ओर जहां सत्ताधारी दल कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं दूसरी ओर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ भी बाजी हाथ से बाहर नहीं जाने देना चाह रही है। अमित जोगी लगातार विपक्षी दलों पर हमला बोल रहे हैं। छत्तीसगढ़ के एक सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए 3 नवंबर के वोट डाले जाएंगे और 10 नवंबर को वोटों की गिनती होगी।

अमित का संदेह था, सच भी हुआ

जकांछ द्वारा पार्टी के स्वाभाविक प्रत्याशी अमित जोगी की जाति मामले में किसी तरह का अड़ंगा डाले जाने की स्थिति में उनकी पत्नी ऋचा जोगी को चुनाव मैदान में उतारा जा सकता है। ऋचा जोगी को मरवाही के चुनाव मैदान में उतारे जाने की चर्चा को ढाई माह पूर्व उनके अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र बनवाए जाने से बल मिल रहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह प्रमाणपत्र 17 जुलाई 2020 को जरहागांव जिला मुंगेली के तहसीलदार द्वारा जारी किया गया है। श्रीमती जोगी का अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जुलाई में आननफानन में बनवाया गया. उनकी जाति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन 15 जुलाई की शाम 6 बजे जरहागांव तहसीलदार चित्रकांत चाली ठाकुर के दफ्तर में दिया गया। 17 जुलाई को जरहागांव तहसीलदार श्री ठाकुर द्वारा ऋचा रुपाली साधु पिता प्रवीण राज साधु, निवासी पेंड्रीडीह तहसील जरहागांव जिला मुंगेली के नाम से अनुसूचित जनजाति का प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया।

भाजपा नेता पहले बताएं कि वे किसानों को बोनस देने के पक्ष में हैं या नहीं

■ समर्थन मूल्य और बोनस का वादा पूरा न करने वाले किस मुंह से सवाल उठा रहे हैं?

■ समर्थन मूल्य से कम पर ख़रीदी को अपराध की श्रेणी में रखेगी क्या केंद्र की भाजपा सरकार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि किसानों की झूठी चिंता करने से पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और भाजपा नेता पहले यह बता दें कि वे किसानों को समर्थन मूल्य और बोनस देने के पक्ष में हैं या नहीं?

किसानों से 20 क्विंटल धान ख़रीदी की मांग पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि इसी भाजपा ने सरकार में रहते हुए किसानों से सिर्फ़ 10 क्विंटल धान ख़रीदने का फ़ैसला किया था। कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों के आंदोलन के बाद ही सरकार 15 क्विंटल धान ख़रीदने के लिए बाध्य हुई थी। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने हर साल धान का 300 रुपए बोनस देने की बात कही थी लेकिन किसानों को बोनस सिर्फ़ चुनावी साल में मिल पाया। 2100 रुपए समर्थन मूल्य दिलाने का वादा तो भाजपा कभी पूरा ही नहीं कर पाई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पूछा है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जब केंद्र की सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार से कह दिया कि अगर किसानों को बोनस दिया गया तो केंद्र सरकार राज्य से चावल नहीं लेगी तब भाजपा के किसी नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं कहा कि बोनस दिया जाना चाहिए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बताएं कि प्रदेश से चुनकर गए किस सांसद ने केंद्र सरकार के सामने यह बात उठाई थी कि किसानों का बोनस मिलना ही चाहिए।

उन्होंने कहा है कि किसानों को धान का 2500 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' शुरु की और सुनिश्चित किया कि किसानों का नुक़सान न हो। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने तो तीन काले क़ानून बनाकर किसानों का अहित सुनिश्चित कर दिया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार की समर्थन मूल्य ख़त्म करने की साज़िश पर भाजपा नेता चुप हैं। न वे मंडियों और सहकारी समितियों को ख़त्म करने पर कुछ कह रहे हैं और न ठेका खेती शुरु करने पर कुछ कह रहे हैं।

संपादकीय

कजाकिस्तान जैसा कानून बने

देश में लगातार बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर लोगों में आक्रोश गहराता जा रहा है हर कोई दुष्कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहा है। खासतौर पर नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को तो मौत की सजा देने की भी मांग उठाई जा रही है किन्तु सरकार अभी तक दुष्कर्मियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा क्या हो यह तय नहीं कर पा रही है। ऐसे में कजाकिस्तान का अनुशरण किया जा सकता है जहां नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले दरिंदों के लिए नया कानून बनाया गया है। इसके मुताबिक ऐसे लोगों को कम से कम 15 साल की सजा दी जाती है और उन्हें आजीवन नपुंसक बना दिया जाता है। अब तक ऐसे दर्जन भर आरोपियों को नए कानून के मुताबिक इंजेक्श्न देकर नपुंसक बना दिया गया है। नपुंसक बने ये आरोपी अब यह कहने लगे है कि भगवान ऐसी सजा उनके किसी दुश्मन को भी न दें। भारत में भी ऐसी ही खौफनाक सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए क्यों कि नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को मौत की सजा देना आसान नहीं है। इसके खिलाफ कई संगठन उठा खड़े होंगे और ऐसे आरोपियों की वकालत करने लगेंगे। मौजूदा कानून के तहत रेपिस्टों को दस साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा देने का ही प्रावधान है यही वजह है कि हैवानों ने देश के मौजूदा कानून को लेकर कोई खौफ नहीं है। बेहतर होगा कि भारत में भी कजाकिस्तान की तरह की कड़ा कानून लागू किया जाए और नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वालों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर उन्हे आजीवन नपुंसक बनाने की कड़ी सजा दी जाएं तभी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगेगी और देश की बेटियां इस दरिंदों से सुरक्षित रह पाएंगी किन्तु ऐसा होना भी मुश्किल ही है क्यों कि जिन नेताओं को ऐसे कठोर कानून बनाने चाहिए वे तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए यह बयान देते है कि लड़कियों को छोटे कपड़े नहीं पहनने चाहिए उन्हे देर शाम तक घर से बाहर नहीं रहना चाहिए, उन्हें संस्कारवान बनना चाहिए जबकि लड़को को वे कोई हिदायत देने की जरूरत महसूस नहीं करते। दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव ने तो यहां तक कहा था कि लड़कों से नादानी हो जाती है उसके लिए उन्हे फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता। नेताओं के इस तरह के बयानों से साफ है कि वे रेपिस्टों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने के पक्ष में ही नहीं है। इसकी एक वजह यह भी है कि कई नेता भी रेप के आरोपी है जिनमें से कई अभी जेल की हवा खा रहे है। ऐसी स्थिति में नेताओं से यह उम्मीद करना बेमानी है कि वे रेपिस्टों के लिए कड़ी सजा देने की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाएंगे। इसके लिए जनता को ही आगे आना होगा और दुष्कर्म के आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन छोड़ना होगा तभी सरकार की कुंभकरणीय नींद टूटेगी और वह भारत में भी कजाकिस्तान की तरह ही कड़ा कानून बनाकर रेपिस्टों को उनके किए की खौफनाक सजा देगी।

बैकयार्ड पोल्ट्री को बढ़ावा दे रहा डीएवाई-एनआरएलएम

नीता केजरीवाल
संयुक्त सचिव
ग्रामीण विकास मंत्रालय

> डीएवाई-एनआरएलएम ने विभिन्न जिलों में पोषक तत्वों के प्रति संवेदनशील कृषि प्रथाओं और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए पीआरएडीएन जैसे सिविल सोसायटी संगठनों के साथ भागीदारी की है। न्यूट्री-गार्डन्स के विकास के लिए पौधे और बीज उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य मिशन ने भी कृषि-विभागों के साथ तालमेल बिठाया है। अन्य राज्य मिशनों में इसी तरह के प्रयास चल रहे हैं। यह मिशन अपने खाद्य पोषण स्वास्थ्य और डब्ल्यूएसएच रणनीतियों को स्त्री-पुरुष भेद के लिहाज से भी परिवर्तनकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि इन सेवाओं तक पहुंच की राह में लैंगिक बाधाओं से निपटने के लिए महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। महिलाओं के नेतृत्व वाली आजीविका और उद्यमों को मजबूत करने के साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य को आधार बनाया जाना चाहिए। ये उपाय महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए निरंतर बदलाव सुनिश्चित करने और डीएवाई- एनआरएलएम के साथ-साथ पोषण अभियान के निर्धारित पोषण लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण लोगों की आजीविका, पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने के मद्देनजर डीएवाई-एनआरएलएम नेन्यूट्री-गार्डन्स को बढ़ावा देने के लिए पोषण माह 2020 के दौरान एक अभियान चलाया। इससे उन समुदायों में पोषण सुरक्षा और आय सृजन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी जो अत्यंत गरीब और कुपोषण से प्रभावित हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी के अभूतपूर्व प्रकोप के कारण ग्रामीण समुदायों की आजीविका और खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को लेकर कई सवाल पैदा हो गए हैं। लॉकडाउन के दौरान न्यूट्री-गार्डन्स और बैकयार्ड पोल्ट्री जैसे पोषण आधारित आजीविका के साधनों में किए गए पहले का निवेश एक वरदान साबित हुआ था। जब आपूर्ति श्रृंखला, परिवहन और बाजारों तक पहुंच गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी तो इसने परिवारों को स्थानीय तौर पर उपलब्ध अंडे और पौष्टिक सब्जियों का उपयोग करने में समर्थ बनाया था। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) ने इस अनुभव से लाभ उठाया है।

एनएफएचएस-4 (2015-16) के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में प्रजनन आयु की 50प्रतिशत से अधिक महिलाएं रक्तहीनता से पीड़ित हैं और लगभग 23 प्रतिशत में बीएमआई कम है। स्वास्थ्य एवं पोषण जैसी आवश्यक सेवाओं तक महिलाओं की पहुंच भी एक चुनौती बनी हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि महज 51.2 प्रतिशत महिलाएं ही प्रजनन पूर्व देखभाल के लिए चार या अधिक बार विशेषज्ञों के पास गई और 30.3 प्रतिशत महिलाओं ने कम से कम 100 दिनों के लिए आईएफए लिया (एनएफएचएस-4)। खबरों में दिखाया गया है कि देशव्यापी लॉकडाउन ने किस प्रकार महिलाओं और किशोरियों के लिए आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति को बाधित कर दिया। ऐसे में पहले 1,000 दिनों के दौरान महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में हुई पिछली प्रगति में रुकावट को लेकर चिंताएं बढ़ने लगीं।

करीब 63.3 लाख एसएचजी और 6.98 करोड़ महिला सदस्यों के अपने नेटवर्क के साथ डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन और गरीब परिवारों के सामाजिक विकास की दिशा में काम करने के लिए कदम उठा रहा है। इसमें गरीब परिवारों के पोषण एवं स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाना भी है। इस मिशन के तहत समुदाय आधारित संस्थानों के लचीलेपन को मजबूत करने पर फोकस करते हुए तमाम गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है ताकि आपातकालीन स्थिति में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की चुनौतियों से निपटा जा सके। इसमें जागरूकता बढ़ाने के एक बहुआयामी रणनीति तैयार करना और बेहतर आहार विविधता के लिए सतत व्यवहार में बदलाव पर जोर देना शामिल है। इसके अलावा कुपोषण से जूझ रहे अत्यंत गरीब समुदायों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस मिशन के एसएचजी नेटवर्क के बीच पोषक तत्वों पर

आधारित आजीविका को बढ़ावा दिया जा रहा है।

एसएचजी और उनके संघों की ताकत उनके आउटरीच, नेटवर्क और सामाजिक पूंजी में निहित है। क्षमता निर्माण, समुदाय आधारित एसएचजी संस्थानों का सुदृढीकरण और पोषण एवं पोषक तत्वों के प्रति संवेदनशील कृषि मॉडल पर समुदाय में उपयुक्त व्यक्तियों का प्रशिक्षण रणनीति का एक

महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है और इसने परियोजनाओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पहले किए गए इस प्रकार के निवेश ने समुदायिक स्तर पर इन गतिविधियों के विस्तार के लिए आवश्यक संस्थागत ढांचा भी प्रदान किया है जबकि तमाम राज्य कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों से जूझ रहे हैं। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने में उनकी भागीदारी बढ़ने से पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर खाद्य बजट और खानपन संबंधी विविधता के लिए आय के आवंटन में सुधार होता है। इसी प्रमाण के आधार पर इस मिशन ने 2010-11 में महिला किसान शक्तिकरण परियोजना (एमकेएसपी) की शुरुआत की थी। पिछले पांच वर्षों से डीएवाई-एनआरएलएम के तहत एमकेएसपी को व्यापक बनाया गया है। इसके तहत सभी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की वार्षिक कार्य योजनाओं में कृषि आजीविका प्रोत्साहन को जोड़ा जा रहा है।

अब तक 40.22 लाख से अधिक परिवारों को न्यूट्री-गार्डन्स स्थापित करने में सहायता की गई है। राज्य मिशनों की सहायता के लिए देश भर में अपनाई जा रही सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित एक राष्ट्रीय एडवाइजरी भी तैयार की गई है। इन गतिविधियों के अलावा सब्जियों में पोषक तत्वों की मात्रा और थाली में विभिन्न खाद्य पदार्थों को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में भी जागरूकता फैलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण आजीविका मिशन (सीजी-एसआरएलएम) ने न्यूट्री-गार्डन्स को बढ़ावा देने के लिए अपनी आजीविका पहल के तहत पूरे राज्य के लिए एक रणनीति तैयार की है। रसोई के पीछे वाली जगह पर लगाए जाने वाले इन बगीचों अथवा न्यूट्री-गार्डन्स में विभिन्न प्रकार की पौष्टिक सब्जियां उगाई जाती हैं ताकि पूरे साल परिवार की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके तहत विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और बच्चों सहित एसएचजी परिवारों को निरंतर पोषण सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इन बगीचों के लिए इनपुट लागत भी मामूली होती है और परिवार के अपशिष्ट जल का उपयोग करके इसके सिंचाई का प्रबंधन किया जा सकता है। राज्य की व्यवहार में बदलाव संबंधी संचार रणनीति के तहत माताओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर

विशेष ध्यान केंद्रित किया है जो 1,000 दिनों के भीतर प्रजनन आयु के समूहों को लक्षित करता है। पोषण साखियों को छत्तीसगढ़ में 'मांगुन'व मितस' के रूप में भी जाना जाता है। उन्हें गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के बीच व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए सहभागी अधिगम एवं मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। यह पायलट कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को तकनीकी रूप से यूनिसेफ इंडिया द्वारा मदद की जा रही है। वे इन लक्षित समूहों के बीच जागरूकता फैलाने संबंधी गतिविधियों के अलावा पोषण सेवाओं और ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान मासिक आवंटन जैसी वस्तुओं के लिए आवाज उठाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

विचार

बिहार विधानसभा चुनावः कौन किस तरफ

पिछला विधानसभा चुनाव बीजेपी और जेडीयू ने एक-दूसरे के खिलाफ लड़ा था इसलिए ज्यादातर सीटों पर दोनों पार्टियों के उम्मीदवार टिकट की टोह में होंगे। जेडीयू के हिस्से गई सीटों पर बीजेपी के इन टिकटार्थियों को अगर एलजेपी का रास्ता मिल जाता है तो वे उसी पर आगे बढ़ जाएंगे। हालांकि वोट कटने का खतरा विपक्षी महागठबंधन को भी कम नहीं है।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष की प्रमुख पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति हो चुकी है, लेकिन सरप्राइज का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। विपक्षी 'महागठबंधन' में तो बातचीत की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद औपचारिक घोषणा के लिए बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही ऐसे तीखे मतभेद उभर आए कि विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी गठबंधन तोड़ने का ऐलान करते हुए वहां से निकल गए। सत्तारूढ़ एनडीए में स्थितियां और गंभीर हैं। बीजेपी अपने साथ एक गठबंधन होने का दावा बिहार के बल पर ही कर सकती है क्योंकि उसके दो सबसे पुराने सहयोगी शिवसेना और अकाली दल उसका साथ छोड़ चुके हैं। लेकिन बिहार में भी अब सिर्फ जेडीयू उसके साथ है।

पिछले विधानसभा चुनाव के दोनों सहयोगी, पहले आरएसएलपी और अब एलजेपी चुनावी गठबंधन से बाहर आ गए हैं। एलजेपी के साथ मामला और भी टेढ़ा है। 'मोदी तुझसे बैर नहीं, नीतीश तेरी खैर नहीं' के नारे के साथ वह बीजेपी को जिताने और जेडीयू को हराने के लिए चुनाव लड़ना चाहती है। उसके इस रुख को पर्दे के पीछे से बीजेपी का समर्थन प्राप्त है, जिसका मकसद प्रदेश में जेडीयू नेतृत्व पर अंकुश बनाए रखना है, ऐसा मानने वाले कम नहीं हैं। इस मान्यता के पक्ष में दलील यह दी जाती है कि एलजेपी नेतृत्व इधर काफी समय से अपना जेडीयू विरोधी रुख सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करता रहा है, लेकिन कभी दिखावे के लिए भी बीजेपी के किसी नेता ने उसकी निंदा नहीं की। यहां तक कि जेडीयू के खिलाफ प्रत्याशी खड़े करने का ऐलान करने के बाद भी बीजेपी ने उससे कोई नाराजगी नहीं जताई है। बी जेपी और जेडीयू में सीटों की संख्या पर सहमति भले बन गई हो, पर इस बात का फैसला होना अभी बाकी है कि कौन सी सीट किस पार्टी को मिलेगी।

हाथरस का सच सामने आना चाहिए

राजेश माहेश्वरी

> 'निर्भया कांड' के बाद पूर्व प्रधान न्यायाधीश जस्टिस जेएस वर्मा और जस्टिस लीला सेठ की कमेटी ने बलात्कार और यौन उत्पीड़न संबंधी नए कानून का प्रारूप तैयार किया था और जिसे संसद का विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से पारित किया गया था। निर्भया मामले में पीड़िता को आठ सालों की लंबी जदोजहद के बाद इंसाफ मिल पाया। कोरोना काल के दौरान ही लैंगिक दुराचार की 13,410 घटनाएं हो चुकी हैं। इससे ज्यादा शर्मनाक भी कुछ हो सकता है! यह बर्बरताओं और राक्षसी प्रवृत्तियों का समाज है या बेखौफ जमात का दौर है कि किसी को किसी का भय ही नहीं है। दुष्कर्म की घटनाओं के आंकड़ें इस ओर इशारा करते हैं कि बेटियों के लिये सुरक्षित माहौल हम अब तक बना नहीं पाये हैं। बलात्कार की कोई संख्या नहीं होती।

हाथरस घटना में नित नये खुलासे हो रहे हैं। दलित युवती के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद उपजी स्थितियों ने मामले को बहुत गंभीर बना दिया है। पूरे घटनाक्रम में राजनीतिक दलों और मीडिया ने जो नकारात्मक भूमिका निभाई है, उसे पूरे देश ने देखा है। इस घटना की आड़ में जातीय हिसां फैलाने के षडयंत्र का खुलासा भी यूपी पुलिस ने किया है। 'जस्टिस फॉर हाथरस' नाम की एक फर्जी वेबसाइट रातोंरात बनाई गई। जिसके जरिए दिल्ली दंगों की तर्ज पर सांप्रदायिक दंगे कराने की साजिश रची जा रही थी। मीडिया के एक वर्ग ने टीआरपी और निजी हितों के चलते तमाम मनगढंत तथ्य असल घटना के साथ जोड़कर देश के सामने पेश किये। वहीं स्थानीय पुलिस और प्रशासन की लापरवाह कार्यशैली ने मामले को बिगाड़ने का काम किया। इस मामले में जमकर राजनीति हो रही है। सच्चाई क्या है फिलवक्त इसकी पूरी जानकारी किसी के पास नहीं है। लेकिन सम्पूर्ण घटनाक्रम, परिवारीजनों की बयानबाजी, राजनीतिक दलों और मीडिया की भूमिका के मद्देनजर एक बात साफ तौर पर कही जा सकती है कि कही न कहीं सच्चाई को ढकने या छुपाने की कोशिश जरूर हो रही है।

युवती के साथ दुष्कर्म हुआ या नहीं ये तो जांच का विषय है। लेकिन किसी सभ्य समाज में किसी महिला का अपमान, उससे छेड़छाड़, उसके साथ मार पीट का कोई स्थान नहीं हो सकता। देश में महिला सुरक्षा के कई कानून हैं। जो समाज बेटियो की रक्षा नहीं कर सकता, उस समाज को अपने गिरेबान में झांककर जरूर देखना चाहिए। हाथरस में युवती के साथ जो हुआ, वो पीड़ादायक है। उसकी जितनी निदां की जाए कम है। लेकिन जिस तरह से राजनीतिक दलों, मीडिया और पीड़िता के परिवारीजनों ने बयानबाजी की है, उससे मामला उलझ गया है। जो कहानी पेश की जा रही है, उसके अलावा भी कई बातें सुनने को मिल रही हैं। मीडिया ने ऐसी रिपोर्ट भी दिखाई और लिखी हैं जिसमें इस घटना को ऑनर किलिंग से जोड़ा जा रहा है। इस पूरे मामले ने देश को झकझोरने का काम किया है। यूपी सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से करवाने की सिफारिश कर दी है। सुप्रीम कोर्ट में भी यूपी सरकार ने अपना पक्ष रखा है। ऐसे में हाथरस मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। अगर युवती के साथ दुष्कर्म हुआ है तो उसके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अगर कहानी कुछ और है तो असली दोषी भी बचने नहीं चाहिएं।

देश में महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाएं घटने की बजाय बढ़ी है, ये जमीनी हकीकत है। देश में औसत 90 बलात्कार हररोज किए जा रहे हैं। हर घंटे 4 या उससे ज्यादा बलात्कार! वर्ष 2012 में दिल्ली में निर्भया मामले के बाद जिस तरह समाज जागा था। सरकार ने कानून कड़ा किया था। उससे ऐसा आभास हुआ था कि शायद अब बेटियां सुरक्षित हो जाएंगी। लेकिन हर रोज देशभर से दुष्कर्म की घटनाएं प्रकाश में आती हैं। लेकिन जिस तरह हाथरस मामले में राजनीतिक दल और मीडिया ने सक्रियता मचाई। यूपी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। लेकिन प्रतिदिन दर्जनों दुष्कर्म के मामलों में मीडिया और राजनीतिक दलों की सक्रियता शून्य ही रहती है।

यूपी के हाथरस के बाद बलरामपुर जिले में भी वैसी ही वारदात हुई। वहां भी एक दलित बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ था। इक्का-दुक्का न्यूज चैनलों के अलावा किसी बड़े चैनल ने इस घटना को कवर नहीं किया। और न ही राजनीतिक दलों के नेताओं ने वहां जाने की जहमत ही उठाई। क्योंकि यहां अपराधी मुस्लिम संप्रदाय का था। ऐसे में हाथरस में न्याय मांगने वाले राजनीतिक दलों को वोट बैंक के हिसाब से ये घटना रास नहीं आई। हाथरस में युवती दलित और अपराधी ठाकुर है, ऐसे में दलितों बेटी को न्याय दिलाने की आड़ में राजनीतिक दल अपनी राजनीति चमकाने पहुंचे। मीडिया को हाथरस में टीआरपी दिखाई दी, ऐसे में उसने बलराम, बदायूं, आजमगढ़ में जाना जरूरी नहीं समझा। जिस समय हाथरस में राजनीतिक दल और मीडिया बवाल काट रहा था, ठीक उस समय राजस्थान और देश के अन्य हिसों में दुष्कर्म के कई मामले रिकार्ड किये गये, लेकिन मीडिया ने उसे लेकर खामोशी ओढ़े रखी। बलात्कार की शिकार प्रत्येक लड़की के घर कितने नेता और टीवी वाले जाते हैं, ये शोध का विषय है। देश में दुष्कर्म की घटनाओं को अगर आंकड़ों के आलोक में देखा जाए तो उनके अनुसार पिछले एक वर्ष में 33,658 दुष्कर्म की घटनाएं हुई। लगभग 94 फीसदी मामले ऐसे थे, जिनमें बलात्कारी और बेटी या महिला एक-दूसरे को जानते थे। बीते एक दशक के दौरान बलात्कार और सामूहिक दुष्कर्म के 2.75 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैंने कब कहा कि

मैंने कब कहा कि मैं स्त्री को शरीर समझती हूं बस फर्क इतना है कि उसे पत्थर पर लिखी कोई अनबुझी पहेली नहीं कहती हूँ.. मैं वही स्त्री हूँ जिसने खुद को सुलझाने के लिए प्रकृति की शरण ली और इसे कहने में कोई आपत्ति नहीं कि अभी बहुत कुछ जनाना हैं..कभी डरने की आदत नहीं रहीं इसलिए क्योंकि प्रकृति ने निडर होना सिखाया।

– अनुभूति 'अनु'

अब नेह से देह



अब नेह से देह जरे न जरे, तब नैन झरे न टरे मग टारे, नित नेह से प्राण पले प्रिय के, अब रैन कटे तकते नभ तारे, कवि 'हेम' कहे सुनो प्राण प्रिया, गल आन पड़े अब प्राण हमारे, चल गेह तजे लगे आस रुके, कर अंत चले प्रिय दरश तुम्हारे।

– हेमराज सिंह

खास पाती | यूँ नज़र का नज़र से इशारा

यूँ नज़र का नज़र से इशारा हुआ। पुरसुकूं रात है चाँद प्यारा हुआ।। तुम हमारे हुवे दिल तुम्हारा हुआ। ना मुनाफ़ा हुआ ना ख़सारा हुआ।। छीन कर चैन खुद का खुदी से यहाँ, फिर रहा आदमी मारा मारा हुआ। आँख से ये नमी गुम हुई जा रही, और दिल भी समझलो शरारा हुआ। छोड़ कर चल दिया वो ज़मीं पर हमें, दूर इतना गया के सितारा हुआ। आज फिर से उठी हूक वो याद की, डूबने फिर लगा दिल उबारा हुआ। चाँद-तारे कहाँ खो गए हैं सभी, आसमां क्यों लगे ये बुहारा हुआ। चाहतों की घटा जब बरसने लगी, खुश्क मौसम भी दिल को ग़वारा हुआ। धूप से दीप से ये महकने लगा की दुआ,आरती घर ये न्यारा हुआ। हाथ माँ ने फिराया जरा शीश पे टल गई हर बला ज्यों उतारा हुआ। जो मुड़े थे कभी छोड़ ÷आशा÷ हमें, राब्ता फिर न उनसे दुबारा हुआ।

– आशा पाण्डेय ओझा

खुद को याचक माना है सत्ता

खुद को याचक माना है सत्ता को खुदा समझे है फैला कर कासा, हम खुद ही भिखारी बन गए ! सिर झुका झुकाकर, नारे लगा लगा कर संविधान को भुलाकर , हुकूमत के पुजारी बन गए! आश्वासनों की झूठी गली में पागलो से दौड़ते थक मरे अपने मन की , लाइलाज बीमारी बन गए! छल के पैमानों से , पी इस कदर नकली शराब शब्दो के नशे में डूबकर हम खुद झूठी खुमारी बन गए! – जावेद उस्मानी

निराशा के जो हैं माथे पे तेरे

निराशा के जो हैं माथे पे तेरे बल,निकाला कर, परेशां हो के आंखों से न अपने जल निकाला कर। मैं ज़िन्दा हूँ....तेरी ख़ातिर तुझी से प्यार करता हूँ मेरी गज़लों से अपनी जिंदगी का हल निकाला कर।

– संजय कुमार गिरि

बलत्कार जैसे विषय पर कोई

बलत्कार जैसे विषय पर कोई दुर्घटना होने के बाद ही चर्चा क्यूँ होती हैं? इस विषय पर तो बराबर बात होनी चाहिए तकि कोई ऐसा करने के पहले हजार बार सोचे। सुशांत सिंह के वक्त यही हुआ। सोशल मीडिया में खूब हंगामा हुआ और सिनेमा बायकाट की भी चर्चा होने लगी। लेकिन ज्योंहि सिनेमा लगेगी वही लोग सबसे पहले देखना भी शुरू कर देंगे। तो क्या यहाँ सिर्फ लाईक कमेंट के लिए विषय चुना जाता हैं? फिर खामोशी छा जाती हैं! – **बेबी सिंह**

भूख की अब वेदना गर्भ से

भूख की अब वेदना गर्भ से गुंजायमान रोटी की जद्दोजहद में क्या करें बाजे वाला इंसान! कहां पर करे प्रदर्शन क्या कोई बताएगा ? बाजे की करतल ध्वनि से क्या यह भूख मिटा पाएगा! संगीत ,खुशियां, हर्षोल्लास हैं जिस के मूल आधार तड़प तड़प कर गिरते आँसू घर पर बच्चों की पुकार यह काली घटा का काला दिन लगता है और भी गहराएगा भूख मिटाने अपनी बाजे वाला भगवान के दर पर बाजा बजाएगा।

– **प्रवीण माटी**

कोई उदासी बन के शमां मेरे

कोई उदासी बन के शमां मेरे गीतों में उतरती है आंखों की चिलमन से बन मोती पन्नों? पर बिखरती है तुम बिन कहे ही समझ जाना अल्फाज़ मेरे होकर जुदा जिस्म से रूह अब तेरी परस्तिश में आने को तड़पती है। - सीमा भाटिया

वो कैसे लोग होते है बिना

वो कैसे लोग होते है बिना सुर राग गाते है के इक छोटी सी राई का बड़ा पर्वत बनाते है कभी देखा नही करते गिरेबां झाँककरअपना मगर औरों के दामन पर सदा छीटें उड़ाते है। – **पूजा बंसल**

QUIZ TIME

1) मुंगेली और बिलासपुर जिले में प्रवाहित होने वाली प्रमुख नदी का नाम क्या है?
2) कौशल्या सम्मान, महर्षि वाल्मिकी, श्रृंगी ऋषि सम्मान, लोमेष ऋषि सम्मान और विशिष्ट संस्कृत सेवा सम्मान किस लिए दिया जाता है?
3) 'श्री कृष्ण जन्म स्थल' नामक अखबार किसने प्रकाशित किया था?
4) 1958 में किसने कोटसमर गुफा की खोज किसने की थी?
5) अक्टूबर 2016 में रणजी क्रिकेट ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के प्रथम कप्तान किसे बनाया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मनियारी (2) संस्कृत भाषा के विकास हेतु (3) पंडित सुंदरलाल शर्मा (4) पं.शंकर तिवारी (5) मोहम्मद कैफ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1586 - मुगल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया। 1702 - मार्लबोरो के नेतृत्व में ब्रिटिश और डच सैनिकों पर कब्जा किया। 1708 - सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी की हत्या कर दी गई। 1714 - नीदरलैंड्स के अल्कमार में बीयर पर टैक्स लगने के कारण लोगों ने दंगा किया। 1737 - बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत हुई। 1765 - स्टैम्प एक्ट कांग्रेस न्यूयॉर्क में आयोजित किया गया। 1777 - अमेरिकियों ने ब्रिटिशों को सरतोगा की दूसरी लड़ाई और बेमिस हाइट्स की लड़ाई में पराजित किया। 1780 - अमेरिकी मिलिशिया ने ब्रिटिश सेना को किंग्स माउंटेन, दक्षिण कैरोलिना के पास हराया गया। 1840 - विलेम द्वितीय नीदरलैंड के राजा बने। 1886 - स्पेन ने क्यूबा से गुलामी समाप्त की। 1916 - सिडनी के तारोंगा शहर में एक चिड़ियाघर स्थापित किया गया है जिसमें जानवरों के लिए कोई पिंजरा नहीं बनाया गया। 1937 - द अमेरिकन पत्रिका महिला दिवस पहली बार प्रकाशित हुआ। 1942 - अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की। 1949 - पूर्वी जर्मनी, डेमोक्रेटिक सरकार के अस्तित्व में आने के साथ एक अलग देश बना।1950 - मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की। 1950 - वाशिंगटन राज्य में यातायात के लिए एगेट पास ब्रिज खोला गया। 1952 - चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी बनाया गया। 1959 - तत्कालीन सोवियत रूस के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।

सुष्मिता सेन की बेटी रेने ने किया बॉलीवुड डेब्यू

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने हाल ही में वेब सीरीज 'आर्या' से इंडस्ट्री में वापसी की है। अब खबर आ रही है कि उनकी बड़ी बेटी रेने सेन भी बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स की मानें, रेने सेन हाल ही में 21 साल की हुई हैं और अब वह फिल्म 'सुट्टाबाजी' से डेब्यू करने जा रही हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुष्मिता सेन की बेटी रेने सेन को फिल्म के लिए लॉकडाउन के दौरान फाइनल किया गया है। फिल्म मां और बेटी के रिलेशन पर फोकस करती नजर आएगी।

नेपोटिजम में अहान-अथिया का नाम आने पर परेशान हो जाते हैं सुनील शेट्टी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन सुनील शेट्टी का कहना है कि वह नेपोटिज्म (भाई-भतीजावाद) के मुद्दे पर अपने बच्चों अहान शेट्टी और आथिया शेट्टी का नाम आने से परेशान हो जाते हैं। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद से बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर बहस छिड़ी है। सुनील शेट्टी ने नेपोटिज्म पर अपनी प्रतिक्रिया करते हुये कहा है कि जब उनके बच्चे अहान और अथिया का नाम इसमें आता है तो वह परेशान हो जाते हैं। सुनील शेट्टी ने कहा कि हर बच्चे को अपने सपनों को पूरा करने का अधिकार है। उन्होंने दूसरे पैरेंट्स को भी सलाह दी कि वे अपने बच्चों को अपनी इच्छाओं को पूरा करने का अधिकार दें।



'जर्सी' के लिये फीस कम करेंगे शाहिद!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो शाहिद कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'जर्सी' के लिये फीस कम करने जा रहे हैं।

कोरोना वायरस के कारण काफी समय से फिल्मों की शूटिंग बंद थी। अब धीरे-धीरे शूटिंग शुरू हो रही है। कोरोना को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से अभी शूटिंग के लिए फिल्म निर्माताओं का ज्यादा खर्चा हो रहा है। शाहिद कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'जर्सी' के लिए अपनी फीस कम करने का फैसला किया है। कहा जा रहा है कि शाहिद कपूर फिल्म 'जर्सी' के लिए 33 करोड़ रुपये और फिल्म के मुनाफा में शेयर लेने वाले थे। हालांकि, अब उन्होंने इसे कम कर दिया है। कहा जा रहा है कि अब शाहिद कपूर 33 करोड़ की जगह सिर्फ 25 करोड़ रुपये ही लेंगे। गौरतलब है कि फिल्म 'जर्सी' तेलुगु फिल्म की रीमेक है। शाहिद कपूर 'जर्सी' में क्रिकेटर का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी कर रहे हैं।

आर.के फिल्म्स के बैनर तले फिल्म बनायेंगे रणबीर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के रॉकस्टार रणबीर कपूर आर.के. फिल्म्स बैनर तले फिल्म बना सकते हैं। बॉलीवुड के शो मैन राजकपूर ने आर.के. फिल्म्स के बैनर तले कई कामयाब फिल्मों का निर्माण किया। राज कपूर के निधन के बाद इस बैनर की फिल्म 'हिना' का निर्देशन रणधीर कपूर ने पूरा किया था। इसके बाद राजीव कपूर के निर्देशन में फिल्म 'प्रेम ग्रंथ' बनी। वर्ष 1999 में प्रदर्शित इस बैनर की अंतिम 'आ अब लौट चलें' का निर्देशन ऋषि कपूर ने किया था। कुछ साल पहले भीषण आग के कारण आर.के. स्टूडियो और उसकी संपत्ति को काफी नुकसान झेलना पड़ा था। बाद में इस स्टूडियो को बेच दिया गया था। लोगों ने इस बड़े बॉलीवुड बैनर के वापसी की उम्मीद भी खो दी लेकिन अब इस बैनर को लेकर एक बड़ी खुशखबरी आ रही है।

बताया जा रहा है कि आर.के. बैनर को एक बार फिर शुरू किया जाएगा। रणबीर कपूर इस बैनर तले बनने वाली अगली फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। फिल्म एक प्रेम कहानी पर आधारित होगी।

'इश्कबाज' एक्ट्रेस नीति टेलर ने की गुपचुप शादी

नई दिल्ली। टीवी एक्ट्रेस नीति टेलर ने मंगेतर परीक्षित बावा से शादी कर ली है। नीति ने शादी के इतने दिनों बाद इसका खुलासा किया है। नीति ने एक इंटरव्यू में शादी के बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने गुड़गांव के एक गुरुद्वारे में शादी की जिसमें सिर्फ दोनों के माता-पिता शामिल थे। नीति ने कहा, '6 अगस्त को हमने डिसाइड किया कि 13 अगस्त को हम शादी करेंगे। हमने 1 हफ्ते में पूरी तैयारी की।'

निफ्टी 159.05 अंक की बढ़त के साथ 11,662.40 अंक पर

सेंसेक्स 600 अंक उछलकर सात महीने के शिखर पर

मुंबई (वार्ता)। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच बैंकिंग, वित्तीय, रियलिटी और ऑटो क्षेत्र में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सात महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुये।

सेंसेक्स 600.87 अंक यानी 1.54 प्रतिशत चढ़कर 39,574.57 अंक पर और निफ्टी 159.05 अंक यानी 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,662.40 अंक पर पहुँच गया। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। लगातार चार कारोबारी दिवस में सेंसेक्स 1,601 अंक और निफ्टी 440 अंक की छलाँग लगा चुका है।

मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम तेजी रही। बीएसई का मिडकैप 0.59 प्रतिशत चढ़कर 14,873.87 अंक पर और स्मॉलकैप सूचकांक 0.55 फीसदी की तेजी के साथ 15,110.39 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में वित्त समूह का सूचकांक तीन प्रतिशत और बैंकिंग का दो प्रतिशत की बढ़त में रहा। रियलिटी में करीब ढाई प्रतिशत और ऑटो में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एचडीएफसी का ऋण उठाव नौ प्रतिशत बढ़ने से उसके शेयरों का भाव आठ फीसदी से अधिक चढ़ गया। इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी तीन प्रतिशत से अधिक उछले। टाटा स्टील में सबसे अधिक सवा फीसदी की गिरावट रही। नेस्ले इंडिया का शेयर भी एक प्रतिशत टूट गया।

एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। हांगकांग का हैंगसेंग 0.90 प्रतिशत, जापान के निक्केई में 0.52 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.34 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिश्रित रुख के बीच ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.08 प्रतिशत मजबूत हुआ।

सेंसेक्स 362.64 अंक की बढ़त के साथ 39,336.34 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। आखिरी दो घंटे में लिवाली बढ़ने से कारोबार की समाप्ति से पहले यह 39,623.76 अंक तक पहुँच गया। इसका दिवस का निचला स्तर 39,191.10 अंक रहा। अंत में गत दिवस की तुलना में 1.54 प्रतिशत चढ़कर 39,574.57 अंक पर बंद हुआ जो 27 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। बीएसई में कुल 2,862 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ।

एयरटेल पेमेन्ट्स बैंक मर्चेंट पार्टनर्स को प्रदान करेगा भुगतान का आसान अनुभव

नई दिल्ली। एयरटेल पेमेन्ट्स बैंक ने अपने एप को अपग्रेड किया है। इस अपग्रेडेशन से उसके मर्चेंट पार्टनर्स कई प्रकार के डिजिटल फायदों के साथ और ज्यादा सशक्त होंगे और उनकी भुगतान यात्रा भी अधिक आसान होगी। मर्चेंट्स के लिये एयरटेल पेमेन्ट्स बैंक एप में अब दो नये फीचर्स स्मार्ट ईपीओएस और ऑन-डिमांड सेटलमेन्ट शामिल किए गए हैं। स्मार्ट ई-पीओएस से मर्चेंट्स डिजिटल भुगतान लेने के लिये अपने स्मार्टफोन का उपयोग एक पीओएस मशीन की तरह कर सकते हैं और उन्हें कैश रखने की चिंता नहीं रहेगी। मर्चेंट्सको एप में स्मार्ट ईपीओएस ऑप्शन सिलेक्ट करना है और किये जाने वाले भुगतान के लिये मोबाइल स्क्रीन पर एक क्यूआर कोड दिखेगा। राशि मर्चेंटके एप से जुड़े बैंक खाते में तुरंत क्रेडिट हो जाएगी।

सोने-चांदी की चमक बढ़ी

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर पीली धातु में तेजी के बीच आज घरेलू वायदा बाजार में भी इनमें बढ़त रही।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.80 डॉलर चढ़कर 1,913.40 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा 1.10 डॉलर की गिरावट में 1,919 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चाँदी हाजिर भी 0.01 डॉलर की गिरावट में 24.34 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।

बाजार विश्लेषकों ने बताया कि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही नरमी से सोने में तेजी रही। हालाँकि कोविड-19 संक्रमित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पीली धातु की बढ़त सीमित रही। घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना वायदा 154 रुपये यानी 0.30 प्रतिशत चढ़कर 50,780 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। सोना मिनी भी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 50,855 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। इस दौरान चाँदी वायदा 33 रुपये यानी 0.05 प्रतिशत चमककर 61,974 रुपये प्रति किलोग्राम और चाँदी मिनी 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 61,981 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

मैच में चोटिल हुए भुवनेश्वर आईपीएल 13 से बाहर

दुबई (वार्ता)। आईपीएल के लिए सोमवार को लगातार दूसरी बुरी खबर है। दिल्ली कैपिटल्स के लेग स्पिन अमित मिश्रा के चोट के कारण बाहर हो जाने के बाद अब सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के बाकी सत्र से बाहर हो गए।

भुवनेश्वर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह गत दो अक्टूबर को चेन्नई के खिलाफ मुकाबले में 19वें ओवर के दौरान चोटिल हुए थे और एक गेंद डालने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। खलील अहमद ने उनका ओवर पूरा किया था। भुवनेश्वर की चोट कैसी है इस पर अभी जानकारी आना बाकी है। भुवनेश्वर ने इस सत्र के अपने चार मुकाबलों में 6.98 के इकोनॉमी रेट से तीन विकेट झटके हैं। भुवनेश्वर का इस तरह टूर्नामेंट से बाहर होना कप्तान डेविड वार्नर की कप्तानी वाली हैदराबाद के लिए बड़ा झटका है।

धोनी की जगह पर सही विकल्प पंत : बांगड़-नेहरा

मुंबई (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ और पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर कहा है कि पंत भारतीय टीम में पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी की जगह लेने के लिए एक दम सही विकल्प हैं।

बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा, ÷विकेटकीपर के तौर मुझे लगता है कि ऋषभ पंत पूर्व कप्तान धोनी की जगह एक दम सही विकल्प हैं। पंत ने इस वर्ष आईपीएल में अच्छी शुरुआत की है और मुझे लगता है कि भारतीय टीम के मध्य क्रम को संतुलित करने के लिए एक बाएं हाथ का बल्लेबाज होना बहुत जरुरी है।÷

वहीं नेहरा ने कहा, ÷यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करता है कि हम क्रिकेट के किस प्रारूप की बात कर रहे हैं। अगर हम टेस्ट क्रिकेट की बात कर रहे हैं और टीम में बेस्ट विकेटकीपर चाहिए तो उसके लिए टीम के कप्तान और कोच की मानसिकता के बारे में भी सोचना होगा। उन्होंने कहा, मैं बांगड़ से पूरी तरह सहमत हूं और मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को ऋषभ पंत के साथ जाना चाहिए। पंत को मौके दिए जाना चाहिए और अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में हर खिलाड़ी को समर्थन की जरुरत होती है।

श्रीलंका का दौरा कर सकती है भारतीय महिला क्रिकेट टीम

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम नवम्बर में श्रीलंका का दौरा कर सकती है लेकिन यह दौरा श्रीलंका के क्वारंटीन नियम पर निर्भर करेगा।

भारतीय टीम को इस दौरे में पांच वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं। श्रीलंका क्रिकेट के अधिकारी के अनुसार दोनों बोर्डों के बीच दौरे पर बातचीत चल रही है। दोनों टीमें ने इस साल मार्च के शुरू में ऑस्ट्रेलिया में समाप्त हुए विश्व कप के बाद कोई सीरीज नहीं खेली है।

इस दौरे के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा 14 दिनों का क्वारंटीन नियम है जो श्रीलंका का दौरा करने वाली विदेशी टीमों को पूरा करना है। बंगलादेश की पुरुष टीम ने इसी नियम के चलते अक्टूबर-नवम्बर में श्रीलंका का टेस्ट दौरा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। बंगलादेश सात दिन का क्वारंटीन चाहता था लेकिन श्रीलंका इसके लिए तैयार नहीं था।

भारतीय बोर्ड ने इस दौरे के लिए अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है लेकिन समझा जाता है कि यदि यह दौरा होता है तो भारतीय टीम संयुक्त अरब अमीरात में चार से नौ नवम्बर तक टी-20 चैलेंज खेलने के बाद सीधे श्रीलंका चली जायेगी।

सड़क हादसे में घायल अफगान बल्लेबाज नजीबुल्लाह का निधन

काबुल (वार्ता)। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज नजीबुल्लाह ताराकई की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मंगलवार को निधन हो गया। 29 वर्षीय नजीब शुक्रवार को सड़क हादसे में घायल हो गए थे जिसके बाद गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी एक सर्जरी भी हुई थी। नजीब पूर्वी ननगारहर में किराना स्टोर से निकलकर सड़क पार कर रहे थे तभी वहां से गुजर रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नजीब के निधन पर गहरा शोक जताया है। नजीब ने अपना पहला प्रथम श्रेणी का मुकाबला वर्ष 2014 में ज़िम्बावे ए के साथ खेला था। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट के शानदार खिलाड़ी थे तथा 24 मुकाबलों में उनका 47.2 का औसत था।

आईपीएल-2020 : बेंगलुरु की ओर से विराट ने सर्वाधिक 43 रन बनाए

मौकों को भुनाने और गलतियों को सुधारने की जरुरत : विराट

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करारी हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि टीम को कम से कम आसान मौकों को भुनाने और छोटी-छोटी गलतियों को सुधारने की जरुरत हैं।

दुबई (वार्ता)। बेंगलुरु की टीम सोमवार को दिल्ली के 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी तरह विफल रही थी और निर्धारित 20 ओवर में 137 रन ही बना सकी थी। बेंगलुरु की ओर से विराट ने सर्वाधिक 43 रन बनाए ।

विराट ने मैच के बाद कहा, ÷दिल्ली को पहले छह ओवरों में शानदार शुरुआत मिली और अगले आठ ओवरों में हमने मुकाबले को नियंत्रित रखा लेकिन मैच का आखिरी चरण हमारे हाथ से निकल गया। मुकाबले के दौरान हमें महत्वपूर्ण कैचों को पकड़ना होगा और मौकों को भुनाना होगा। ऐसा नहीं हैं कि हम आधे-अधूरे मौकों को छोड़ रहे है बल्कि हम बेहद आसान कैच छोड़ रहे है जिससे टीम को नुकसान होता है।÷ उन्होंने कहा, ÷अंत के ओवरों की गेंदबाजी तथा बल्लेबाजी में सुधार किया जा सकता हैं। हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था तथा हम नई गेंद से बहुत आक्रामक हो कर खेल रहे थे जबकि शिखर धवन और पृथ्वी शॉ ने दिल्ली के लिए काफी अच्छी शुरुआत की। हम छह ओवर के बाद मुकाबले वापस में आये लेकिन मार्कस स्टॉयनिस का कैच छोड़ना भारी पड़ा जिन्होंने मुकाबले को हमसे दूर कर दिया।

टीम के प्रदर्शन से खुश, लय जारी रखने की जरुरत : श्रेयस

दुबई (वार्ता)। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सोमवार को एकतरफा अंदाज में हराने के बाद कहा कि वह टीम के अबतक के प्रदर्शन से बेहद खुश है और टीम को यही लय को बरक़रार रखने की जरुरत है। दुबई के अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में शानदार तरीके से बेंगलुरु को 59 रनों से मात देने के बाद श्रेयस ने कहा,ऋहमने पांच में चार मुकाबले जीत लिए है और यह बेहद अच्छी बात है। खिलाड़ियों ने दवाब में जिस तरह से प्रदर्शन किया वो वाकई शानदार है। हमारी कोशिश खुल कर और बिना डरे खेलने की थी। हमारी टीम में कई सारे युवा खिलाड़ी हैं इसलिए हमें मैदान पर जा कर अपनी प्रतिभा और कौशल को लागू करने की जरुरत है। श्रेयस ने कहा, मैं अभी तक के टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं और हमे आगे के मुकाबलों में बस इसी लय को बरक़रार रखना हैं। हम जब मैदान पर आते है तो हम केवल जीत की बात करते है। खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को लेकर कड़ी मेहनत कर रहे है और हमें बस अपने प्रदर्शन को इसी तरह जारी रखना है।

योनो को अलग इकाई बनाने पर विचार कर रहा है बैंक

नई दिल्ली। देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक अपने डिजिटल प्लेटफार्म योनो को अलग इकाई बनाने के बारे में सक्रियता के साथ विचार कर रहा है। बैंक के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि बैंक इस पर काफी समय से विचार कर रहा है।

योनो यानी 'यू आनली नीड वन ऐप' स्टेट बैंक की एकीकृत बैंकिंग पलेटफार्म है। कुमार ने सालाना बैंकिंग और वित्त सम्मेलन -- सिबोस 2020 में कहा कि वह अपने सभी भागीदारों के साथ इस बारे में (योनो को अलग अनुषंगी बनाने) विचार विमर्श कर रहे हैं। सम्मेलन का आयोजन सोसायटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंसियल टेलीकम्युनिकेशंस (स्विफ्ट) ने किया। कुमार ने कहा कि योनो के अलग इकाई बन जाने के बाद स्टेट बैंक उसका इस्तेमाल करने वालों में एक होगा। उन्होंने कहा, हालांकि बातचीत अभी शुरुआती दौर में है, मूल्यांकन का काम अभी लंबित है। रजनीश कुमार ने हाल में कहा था कि योनो का मूल्यांकन 40 अरब डालर के आसपास हो सकता है। कुमार ने स्पष्ट किया कि मैंने जो बयान दिया (योनो के मूल्यांकन पर) वह इस पर आधारित है कि जब मैं सभी स्टार्टअप के मूल्य पर गौर करता हूं और उसकी तुलना करता हूं तो ऐसे में निश्चित रूप से योनो का मूल्यांकन 40 अरब डालर से कम नहीं होना चाहिये। फिलहाल इस समय हमने इसके मूल्यांकन की कोई पहल नहीं की है, मेरा मानना है कि यह संभावना है।

योनो को तीन साल पहले शुरू किया गया था। इसके 2.60 करोड़ पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इसमें रोजना 55 लाख लॉगइन होते हैं और 4,000 से अधिक व्यक्तिगत रिण आवंटन और 16 हजार के करीब योनो कृषि एग्री गोल्ड लोन दिये जाते हैं।

कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री हरमेंद्र शुक्ला को मरवाही चुनाव का प्रभारी बनाया गया

बिलासपुर । कांग्रेस के प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अहमद और पीआर प्रवक्ता मोहम्मद मुक्तार ने प्रदेश के संगठन मंत्री हरमेंद्र शुक्ला को मरवाही उपचुनाव में प्रकोष्ठ के तरफसे चुनाव प्रभारी बनाया है । श्री शुक्ला ने मरवाही उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए कहा कि मरवाही कांग्रेस के गढ़ है ।और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नया जिला निर्माण के साथ ही मरवाही के सर्वांगीण विकास के लिए अरबों की राशि स्वीकृत की है । जो लोग अपने को मरवाही का कमियां बताते रहे है उन्होंने मेवाहिक विकास नहीं बल्कि विनाश ही किया है । प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही और भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री बनने के बाद मरवाही के विकास के लिए पूरा ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने मुझे मरवाही का प्रकोष्ठ की तरफसे चुनाव प्रभारी बनाया गया है । में इस जिम्मेदारी पर खरा उतर के बताऊंगा और मरवाही में रिकार्ड मतों से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हो इसके लिए मै झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के सारे साथियों के साथ मिलकर कांग्रेस के पक्ष में काम करने में कोई कस र नहीं छोड़ेंगे । श्री शुक्ला को चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर मीडिया प्रभारी अजय काले समेत कांग्रेस नेताओ ने उन्हें बधाई दी है ।

उसूर में सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत सामुदायिक भवन का उद्घाटन

बीजापुर। 229 वी वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बीजापुर, छत्तीसगढ़ के द्वारा दिनॉक 06/10/2020 को बीजापुर के ब्लॉक उसूर में सिविक एक्षन प्रोग्राम के अंतर्गत सामूदायिक भवन का उद्घाटन श्री विवेक भन्द्राल, कमाण्डेन्ट 229 के0रि0पु0बल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान श्री महेष थ्वाल, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री राजषेखर राउत, उप कमाण्डेंट, श्री सुभाश चंद्रा, सहायक कमाण्डेंट, श्री रवि कुमार समवाय अधिकारी, थाना प्रभारी उसूर, सरपंच ग्राम पंचायत उसूर सहित गॉव के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। सिविक एक्षन प्रोग्राम 2020-21 के विषेश कार्य योजना के तहत सामूदायिक भवन का निर्माण करवाया गया एवं भवन में मनोरंजन के साधन जैसे कम्प्यूटर, कैरम बोर्ड, वाईफाई की सुविधा, स्टेषनरी सामग्री, कम्प्यूटर टेबल, प्लास्टिक चेयर इत्यादि सामग्रियॉ 229 वाहिनी के द्वारा उपलब्ध कराई गई है। उद्घाटन कार्यक्रम में आस-पास के गॉव के सभी ग्रामीण लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस सामुदायिक प्रषिक्षण केन्द्र का उद्देष्य उसूर क्षेत्र के युवा लोगों को कम्प्यूटर प्रषिक्षण देना है ताकि आदिवासी क्षेत्र के लोगो को भी कम्प्यूटर का ज्ञान मिल सके। इस तरह के प्रषिक्षण केन्द्र के उद्घाटन करने से उसूर ग्राम के ग्रामवासियों में काफी खुषी का माहौल नजर आया।

कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के तहत् 5 अक्टूबर तक 24118 घरों का सर्वे

सूरजपुर । वर्तमान समय में पूरा विश्व कोरोना संक्रमण कोविड-19 के वैश्विक महामारी से प्रभावित है, छत्तीसगढ़ राज्य में भी कोविड-19 के संक्रमण में वृद्धि हुई है। कोरोना संक्रमण की महामारी के नियंत्रण हेतु जिला स्तर में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा जिला सूरजपुर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह के मार्गदर्शन में लगातार प्रयास किया जा रहा है। कोविड-19 संक्रमण के श्रृंखला को तोड़ने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनकी कोविड-19 जॉच कर उन्हें आईसोलेट एवं उपचार किया जा रहा है। इस हेतु जिला सूरजपुर के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण कर कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान 05 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2020 तक किया जावेगा। डॉ सिंह ने बताया है कि सूरजपुर में 05 अक्टूबर 2020 तक 24118 घरों में सर्वे का कार्य किया गया जिसमें 780 लक्षण सहित व्यक्ति पाए गये सर्वेक्षित घरों में 143 उच्च जोखिम में व्यक्ति पाए गये। लक्षणात्मक 61 व्यक्तियों का एन्टीजन टेस्ट किया गया, जिसमें 4 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाये गये एवं 07 निगेटिव पाये गये व्यक्तियों का आर.टी.पी.आर. सैम्पल जॉच हेतु भेजा गया, जिसमें कोई भी व्यक्ति पॉजिटिव नहीं पाये गये।

अग्रसेन सेवा संघ नें कोरोना मरीजों की भोजन सुविधा के लिए दिया 1 लाख का सहयोग

रायगढ़। कोरोना महामारी के इस दौर में संक्रमित मरीजों को शासकीय कोविड अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के साथ भोजन सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है जिसमे सहभागिता के लिए अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़ की ओर से 1 लाख रुपए की सहायता राशि जिला प्रशासन को प्रदान की गयी। इस सहयोग के लिए जिला प्रशासन ने उनका आभार जताया है।

आप भी कर सकते हैं सहयोग: कलेक्टर श्री भीम सिंह ने सामाजिक संस्थाओं और दान दाताओं से अपील किया है कि कोविड संकट के इस दौर में आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करें और प्रशासनिक प्रयासों को मजबूती दें। इच्छुक दानदाता जो आर्थिक सहयोग प्रदान करना चाहते हैं तो उनकी सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा एक बैंक खाता भी खोला गया है। जिसका विवरण-खाता का नाम-सिविल सोसाईटी अर्गानाइजेशन, खाता क्रमांक-39235868392, स्टेट बैंक आफ इंडिया, शाखा चक्रधर नगर रायगढ़, आईएफएससी कोड-एसबीआईएन 0004802 है। उक्त खाते में सीधे सहयोग राशि ट्रांसफर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री सुमित अग्रवाल मोबा.नं.99079-86830, डिप्टी कलेक्टर श्री अरुण सोम मोबा.नं. 7587450521 में संपर्क कर सकते है। जिला प्रशासन नागरिकों से आग्रह करता है कि अधिक संख्या में आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करें।

बस्तर में नक्सली ही नक्सलियों की कर रहे हत्या

■ **आपसी मतभेद में नक्सली एक-दूसरे के खून के प्यासे**

जगदलपुर। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के माओवादी संगठन में निर्दोष ग्रामीणों की हत्याओं को लेकर नक्सलियों में आपसी मतभेद होने के कारण नक्सली खुद एक-दुसरे को मार रहे है।बस्तर पुलिस के पास विश्वसनीय सुत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्दोष ग्रामीणों पर हो रही अत्याचार को लेकर आपसी विवाद में पश्चिम बस्तर डिवीजन (जिला बीजापुर) में अब तक 06 माओवादियों का सितम्बर एवं अक्टूबर 2020 में हत्या हुई।बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि सिर्फ आतंक के सहारे चलने वाले माओवादी संगठन का खात्मा अब आपसी गैंगवार प्रमुख कारण होगा।

निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की माओवादी द्वारा की गई हत्या पर चौतरफा विरोध होने के कारण माओवादी संगठन विचलित हो गया है। दिशाविहीन एवं नेतृत्वविहीन हो रही माओवादी संगठन में अब गैंगवार जैसा माहौल शुरू हो गया है।

बस्तर पुलिस के पास विश्वसनीय सुत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत 04-05 दिन पूर्व नक्सलियों ने ग्राम ईतावर के जंगल में गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम निवासी पेद्दाकोरमा थाना बीजापुर और गंगालूर एरिया कमेटी के छ्ड्कष्ट मोड़ियम विज्जा निवासी मनकेली (थाना बीजापुर) के बीच विवाद हो गया था। माओवादी कमाण्डर दिनेश मोड़ियम एवं मोड़ियम विज्जा एक-दुसरे के ऊपर हमला में मोड़ियम विज्जा की हत्या की गई थी।

1 महीने में मारे गए कैडर

1. DVC मोड़ियम विज्जा- पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी सदस्य निवासी कमकेली जिला बीजापुर (रूपये 10 लाख ईनामी नक्सली)
2. लखु हेमला - माओवादी जनताना प्रभारी, साकिन पीड़िया थाना गंगालूर जिला बीजापुर (रूपये 03 लाख ईनामी नक्सली)
3. संतोष - डीएकएमएस रेंज कमेटी अध्यक्ष, साकिन कावनारगट्टा जिला बीजापुर (रूपये 03 लाख ईनामी नक्सली)
4. कमलू पुनेम- जनमिलिशिया कमाण्डर, पीड़िया क्षेत्र थाना गंगालूर जिला बीजापुर (रूपये 01 लाख ईनामी नक्सली)
5. संदीप उर्फ बुधराम कुरसम- जनमिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर, साकिन सावनार जिला बीजापुर (रूपये 01 लाख ईनामी नक्सली)
6. दसरू मण्डावी - जनताना सरकार अध्यक्ष , साकिन-डोडी तुमनार जिला बीजापुर (रूपये 01 लाख ईनामी नक्सली)

दक्षिण बस्तर क्षेत्र के माओवादी संगठन में निर्दोष ग्रामीणों की हत्याओं को लेकर हो रही आपसी मतभेद में विगत 01 महिने में (सितम्बर एवं अक्टूबर) जिला बीजापुर में अपनी संगठन की 06 कैडर्स को मार डाला।

बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. ने बताया कि निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की माओवादियों द्वारा की गई हत्याओं का चौतरफा विरोध के कारण से आपसी मतभेद में एक-दुसरे की हत्या करने वाले माओवादी संगठन की खात्मा बहुत जल्द होगा।

आमचो बस्तर के तहत स्व सहायता समूह द्वारा बनाए मास्क, देंगे ब्रांडेड मास्क को टक्कर

■ **जिला पंचायत कार्यालय में मास्क किया गया लॉन्च, महिलाओं को मिलेगा लाभ**

जगदलपुर। कोरोना काल में महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने जिला पंचायत बस्तर द्वारा इन दिनों मास्क बनाने का प्रशिक्षण तेजी से चल रहा है। उल्लेखनीय है कि बाजार की मांग के अनुरूप एन.आर.एल.एम अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाएं मास्क का निर्माण कर रही है। महिलाओं द्वारा एम्ब्रायडरी, प्रिंटेड एवं डिज़ाइनर मास्क का बहुतायत में निर्माण किया जा रहा है।

जिला पंचायत कार्यालय में स्व. सहायता द्वारा निर्मित मास्क को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जनपद पंचायत बस्तर उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल ने लांच किया। उपस्थित अतिथियों ने जानकारी दी कि महिलाओं के द्वारा बनाएँ गए मास्क ब्रांडेड मास्क को टक्कर देंगी वहीं मास्क निर्माण से महिलाओं को अच्छा खासा आर्थिक लाभ भी मिलेगा। आमचो बस्तर, एन.आर.एल.एम, बिहान, ट्राइबल टोकिनी के ब्रांड साथ अब मास्क बाजार में भी आसानी से उपलब्ध होंगे। मास्क बनाने का प्रशिक्षण स्थानीय ट्राइबल टोकिनी संस्था द्वारा निःशुल्क दिया गया है, संस्था द्वारा मार्केटिंग हेतु भी महिलाओं को सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

प्रशासन की कार्ययोजना है कि महिला समूह द्वारा निर्मित मास्क का कोरोना संक्रमण के बचाव व नियंत्रण हेतु तैनात स्थैतिक दल को आमचो बस्तर के मास्क का वितरण किया जाएगा। स्थैतिक दल द्वारा बिना मास्क के घूमने वाले व्यक्तियों को अर्थदंड के साथ मास्क का सशुल्क वितरण करेंगे।

गुण्डाधूर व महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान के लिए खिलाड़ियों से 15 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

सूरजपुर। जिला खेल अधिकारी श्री हुसैन से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गुण्डाधूर एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपए नगद के साथ अलंकरण फलक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा राज्य के सर्वोच्च खिलाड़ियों से गुण्डाधूर एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान 2019-20 के लिए अनुशंसाएं आमंत्रित की गई हैं। अनुशंसाएं जमा कराने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2020 निर्धारित है। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम जी.ई.रोड रायपुर अथवा जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सूरजपुर में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्रस्तुत कर सकते हैं। सम्मान के लिए वर्ष की गणना एक अप्रैल से 31 मार्च 2020 तक होगी। गुण्डाधूर सम्मान एवं महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान के लिए उपरोक्त नियमों की विस्तृत जानकारी खेल विभाग के जिला स्तरीय कार्यालयों में देखा जा सकता है तथा आवेदन का निर्धारित प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगेली ग्रामीण के द्वारा मौन धारण कर प्रर्दशन

■ **उत्तर प्रदेश के हाथरस में मनीषा बाल्मिकी को न्याय दिलाने के लिए देशभर में हो रहा प्रदर्शन**

मुंगेली। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के अध्यक्ष के आदेश पर आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगेली ग्रामीण के द्वारा ग्राम पंचायत टेमरी में उत्तर प्रदेश में मनीषा बाल्मिकी के ऊपर किये गये अत्याचार के विरोध में वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति भारी नाराजगी जाहिर की गई मुख्यमंत्री योगी के द्वारा पिड़ित परिवार के प्रति किसी प्रकार से सहयोग नहीं करने तथा दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं करने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगेली के अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू के द्वारा रोष प्रकट किया गया कार्यक्रम के अंत में मौन रैली निकाली गई तथा योगी सरकार के प्रति नाराजगी के साथ मौन धारण कर कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगेली ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू अ.जा.विभाग के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिला अध्यक्ष सेवा दल दिलीप बंजारा अ.जा.प्रदेश सचिव रूप लाल कोसरे अ.जा.प्रदेश सचिव एवं सरपंच ग्राम पंचायत टेमरी भारत पठारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेंद्र साहू ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगेली के महामंत्री सोनू सिंह ठाकुर बुथ प्रभारी दिनेश साहू गिलेश्वर टंडन सालिक राम साहू हरिप्रसाद साहू संजय साहू बिंदु साहू सुरेश साहू उर्वेदक डाहिरे नोमेश्वर सिंह सहित कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

बस्तामुक्त विद्यालय के प्रधानपाठक सीमांचल त्रिपाठी बने पढ़ई तुंहर दुआर के नायक

सूरजपुर। पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के तहत् छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की सी जी पोर्टल पर हमारे नायक कालम में क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी का नाम आज विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर आया है। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण सारा विश्व आज परेशान है और छत्तीसगढ़ राज्य भी इससे अछूता नहीं है। इस वायरस के बढ़ते प्रकोप से छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्यगत कारणों से सारे स्कूल और शिक्षण संस्थान पूरी तरह बंद हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विषम परिस्थितियों में बच्चों को पूर्णता सुरक्षित रखते हुए उनकी पढ़ाई अनवरत सुचारू रूप से जारी रखने के उद्देश्य से पढ़ाई तुंहर दुआर कार्यक्रम शुरू किया गया जिसके परिणाम स्वरूप हमारे प्रदेश के बच्चों को किसी न किसी माध्यम से पढ़ाई से निरंतर जोड़े रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन में शिक्षा विभाग के शिक्षक और बच्चे नायक की तरह अपनी शत-प्रतिशत भागीदारी देकर योजना को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जिले के बस्तामुक्त विद्यालय के नाम से प्रसिद्ध शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी द्वारा भी इस लॉकडाउन के दौरान बच्चों को पढ़ाई से अनवरत जोड़े हुए हैं उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य संचालित कर बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने का कार्य किया गया है। आपने रामनगर संकुल प्रभारी के रूप में संकुल का तीन बार ऑनलाइन सहित कुल पांच बार बैठक लेकर संकुल परिवार के शिक्षकों को कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने, ऑनलाइन कक्षा और मोहल्ला कक्षा लेने हेतु प्रेरित किया। बैठक में सभी शिक्षक साथियों के मोबाइल में सिस्को वेबैक्स डाउनलोड कर कक्षा जनरेट करने, ग्रुप में शेयर करने, बच्चों को जोड़ने तथा बच्चों को ऑनलाइन अध्ययन अध्यापन का कार्य करने की संपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं आवश्यकता अनुरूप सहयोग देते रहने का विश्वास दिलाया जिसके तहत संकुल परिवार के समस्त शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन कक्षा लेना प्रारंभ किया। श्री त्रिपाठी द्वारा हमारे संवाददाता से चर्चा में बताया कि वह स्वयं भी ऑनलाइन कक्षा लेने का कार्य अप्रैल महीने से लगातार कर रहे हैं और कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के सामाजिक अध्ययन विषय अंतर्गत इतिहास, नागरिकता एवं भूगोल विषय को पढ़ा कर समाप्त कर डाला है, तो वहीं सरस्वतीपुर पंचायत के गोंडपारा स्थित पूर्व सरपंच जी के घर पर मिस्ड कॉल गुरूजी कक्षा संचालित किया जाता है ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ देश का पहला...

सुब्रत साहू, एम.डी. सर्वश्री हर्ष गौतम, राजेश वर्मा, एम. के. बिजौरा, श्रीमती उज्जवला बघेल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पॉवर कम्पनीज के चेयरमेन श्री सुब्रत साहू ने कहा कि उर्जा से उन्नति की ओर प्रदेशवासियों को अग्रसर करने अनेक योजनायें और सुविधायें पहली बार आरंभ की गई है। जिनमें हाफरेट पर बिजली योजना और मोर बिजली एप से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। भविष्य में भी छत्तीसगढ़ विद्युत विकास का गढ़ बना रहेगा। इसके लिए प्रदेश में विद्युत अधोसंरचना का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस संक्रमण काल में भी विद्युत उत्पादन के मामलें में छत्तीसगढ़ अग्रणी बना हुआ है और ''सबको बिजली, सस्ता दाम-सबको राहत, सबको काम'' की अवधारणा को पूर्ण कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इस एप को गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप के जारिए लोग घर बैठे 16 से अधिक प्रकार के विद्युत संबंधी कार्यो का निपटारा कभी भी किसी भी समय कर सकते हैं। इस एप में शामिल नया फीचर ''आपातकालीन शिकायत'' विद्युत दुर्घटना की घड़ी में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। कहीं टूटे बिजली के तार या अन्य क्षतिग्रस्त विद्युत प्रणाली की फोटो खींचकर अपातकालीन शिकायत के अपलोड बटन को दबाने पर एसएमएस के द्वारा संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी को लोकेशन की सूचना मिल जाएगी और बिजली तार या क्षतिग्रस्त उपकरण दुरूस्त कर लिए जाएंगे। शिकायत दाता को इसकी सूचना भी मिल जाएगी। इसके अलावा मीटर, नाम परिवर्तन, शिफ्टिंग, नया कनेक्शन, भार वृद्धि, टेरिफ परिवर्तन, बिल भुगतान, बिजली बिल हाफ योजना से प्राप्त छूट, बिजली बिल की गणना आदि कार्य घर बैठे ही की जा सकेगी।

मोर बिजली एप की खासियत

मोर बिजली एप के जरिए हर उपभोक्ता का मोबाईल बिजली दफ्तर बन जाएगा। इसके द्वारा बिजली बंद की शिकायत दर्ज करने पर बिजली मिस्त्री गूगल मैप के सहारे उपभोक्ता के परिसर तक पहुंच सकता है। बिजली की आपातकालीन शिकायत इस एप से करने पर जीपीआरएस लोकेशन की सूचना मिल जाती है और विद्युत दुर्घटना रोकने आपातकालीन शिकायत दूर करने सुधार दल स्थल पर जल्दी ही पहुंच जाता है। मीटर शिफ्टिंग, नाम परिवर्तन, निम्नदाब बिजली कनेक्शन, भार वृद्धि-कमी हेतु बिजली दफ्तर जाये बिना इस एप से ऐसे कार्य पूर्ण हो जाते हैं। उपभोक्तागण अपने सहित अन्य 04 विद्युत कनेक्शन के बिल को इस एप के माध्यम से अपने मोबाईल पर देख सकता है। बिल का भुगतान ऑनलाईन कर सकता है। उपभोक्तागण पिछले दो वर्षो में खपत किये गये बिजली की यूनिट्स तथा उसके भुगतान की भी जानकारी इस एप से ले सकते हैं। बिजली बिल में गड़बड़ी की आशंका होने पर उपभोक्तागण इस एप से वर्तमान में लागू बिजली की दर को देखकर स्वयं सही बिजली बिल की गणना कर सकते हैं। मीटर रीडिंग गड़बड़ी सुधारने हेतु उपभोक्तागण मीटर की रीडिंग की फोटो खींचकर इस एप के द्वारा बिजली दफ्तर में भेजकर आसानी से सुधार करवा सकते हैं।

छग वन अधिकारों की मान्यता...

राज्य में प्रति व्यक्ति वन अधिकार पत्र धारक को औसतन 1 हेक्टेयर वनभूमि पर मान्यता प्रदान की गई है, जो तुलनात्मक रूप से देश में बेहतर स्थिति है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151 जयंती 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा उनके निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 5 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र के लगभग 13 सौ सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण अधिकार पत्रों का वितरण किया गया। राज्य में सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों को ग्राम सभाओं को प्रदाय किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में वितरित किए गए 4 लाख 41 हजार से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का रकबा 9 लाख 41 हजार 800 एकड़ से अधिक है। इसी प्रकार 46 हजार से अधिक सामुदायिक वन अधिकार पत्रों का रकबा 41 लाख 64 हजार 700 एकड़ से अधिक है।

जेडीयू 122, बीजेपी 121...

कि रामविलास पासवान जो राज्यसभा गए हैं वह क्या जेडीयू की मदद के बिना ही पहुंचे हैं? बिहार में एलजेपी की 2 ही सीटें हैं ना। बिहार के डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने कहा कि बिहार एनडीए में वही रहेगा जो नीतीश कुमार को नेता मानेगा। एनडीए ही पीएम मोदी की तस्वीर का इस्तेमाल करेगा। अगर जरूरत हुई तो चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की जाएगी। बिहार बीजेपी प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस बार बिहार में एनडीए को तीन-चौथाई बहुमत मिलने वाला है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-2/2020-21
ग्राम बोरगांव प.ह.नं. 17 तह. केशकाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद आरीफ मेमन पिता अलाउद्दीन उम्र 40 वर्ष जाति मोमिन ग्राम केशकाल तहसील केशकाल जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम बोरगांव प.ह.नं. 17 तहसील केशकाल स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 4/13 रकबा 0.0860 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 19/10/2020 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 3/10/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं VIDYADHAR S/O KARTIKESHWAR DAS निवासी WARD NO- 07, TAAL TIKRA PARA, SARIYA, RAIGARH (C.G) 496554 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम VIDYADHAR DAS S/O KARTIKESHWAR DAS रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम VIDYADHAR DAS S/O KARTIKESHWAR DAS से ही जाना पहचाना जावे।

VIDYADHAR DAS
WARD NO- 07,
TAAL TIKRA PARA, SARIYA,
RAIGARH (C.G) 496554

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 1163/लो.क.वि./न.पा.नि./2020 — रायगढ़, दिनांक 5.10.2020

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में लोक निर्माण विभाग भवन कार्य के दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाइट uad.cg.gov.in/ www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 26.10.2020 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 26.10.2020 को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत G.V.Point का सौंदर्यीकरण कार्य।	09.82	7400/-	750/-	डी-वर्ग एवं उपर	02 माह

नोट :- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें''

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

मनरेगा के तहत सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने में कोरिया जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर

बैकुंठपुर । राज्य द्वारा जारी एम आई एस रिपोर्ट्स के अनुसार बीते माह सितम्बर 2020 में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत श्रमिक परिवारों को 100 दिवस का रोजगार देने में कोरिया जिले ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के टॉप 5 जिलों में कोरिया जिला प्रथम स्थान पर है तथा इसके बाद रायपुर, रायगढ़, सूरजपुर एवं गौरेला पेंड्रा-मरवाही जिला शामिल हैं।

कोरिया जिले में अलग अलग गांवों में रहने वाले पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों के 978 परिवारों ने सितम्बर माह में ही 100 दिन से ज्यादा का रोजगार प्राप्त कर लिया। जिले में बीते माह के दौरान 100 दिन का रोजगार प्राप्त कर लेने के बाद 100 दिन अकुशल श्रम की गारंटी पाने वाले कुल परिवारों की संख्या अब 3166 हो चुकी है।

कलेक्टर कोरिया ने इस उपलब्धि पर सीईओ जिला पंचायत एवं पूरी मनरेगा की टीम को उनकी अथक मेहनत के लिए बधाई प्रेषित की है। वही कहा कि कोरिया जिले का प्रथम स्थान पर आना बेहद खुशी की बात है। जिले के श्रमिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का ही यह परिणाम है। प्रशासन का यही प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा परिवार को उचित रोजगार उपलब्ध होता रहे।

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी तूलिका प्रजापति ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य द्वारा 100 दिवस के सुनिश्चित रोजगार प्राप्त परिवार की संख्या का वार्षिक लक्ष्य निश्चित किया गया है। माह सितंबर में राज्य के अन्य जिलों की तुलना में कोरिया जिले ने सर्वाधिक मनरेगा परिवारों को इस श्रेणी में लाने की सफलता अर्जित की है। यह आंकड़ा गत माह अगस्त के अंत मे 2188 था जो कि सितम्बर अंत तक 3166 हो गया है। यानी 978 परिवार इसी माह 100 दिन से ज्यादा का सुनिश्चित रोजगार प्राप्त कर चुके हैं।

मनरेगा योजना से लॉकडाउन में नहीं हुआ रोजगार का कोई संकट

मनरेगा योजना के तहत इस तरह लाभान्वित होने वाले परिवारों में से ग्राम रटगा में रहने वाले आदिवासी समुदाय के गणेश और उनकी पत्नी फुलमत ने 150 दिवस मनरेगा के तहत काम करके 28 हजार 500 रुपए की मजदूरी हासिल की है। उनके अन्य साथी जवाहर सिंह और उनकी पत्नी उर्मिला ने 132 दिन का रोजगार मनरेगा के तहत प्राप्त किया। इससे उन्हें 25,080 रुपए प्राप्त हुए। ग्राम सैदा में रहने वाले अभिनंदन कहते हैं कि इस बार कोरोना के कारण कहीं काम पर नहीं जा सके लेकिन मनरेगा योजना में हमे गांव में ही मन मुताबिक काम मिलता रहा। इससे लाकडाउन के दौरान भी रोजगार का कोई संकट नही हुआ। पत्नी हेमलता और पुत्र मनीष के साथ मिलकर यह परिवार अब तक 133 दिन का अकुशल श्रम कर चुका है और इसके बदले इन्हें 25 हजार से ज्यादा की रकम सीधे खाते में मिल चुकी है। जिले में ऐसे 3166 से ज्यादा परिवार संकट के इस दौर में भी मनरेगा योजना के तहत अपने गांव में ही सुनिश्चित रोजगार की गारंटी पा चुके हैं।

नवप्रदेश की लगातार खबर से मचा जिले में हड़कंप

रेत माफिया अपनी जेसीबी चैन माउंटेन हाइवा लेकर जिले से फरार

- कुछ तथाकथित मिलकर खनिज विभाग की कार्यवाही के खिलाफ रच रहे थे षडयंत्र
- षड्यंत्रकारियो के षड़यंत्र का हुआ पर्दाफाश
- अवैध रेत तस्करी के खिलाफ खनिज विभाग की कार्यवाही आगे भी रहेंगी ज़ारी - प्रमोद नायक

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। जिला मुख्यालय में इन दिनों अवैध रेत तस्करी के खिलाफ नवप्रदेश की मुहिम का ऐसा असर हुआ है।की पूरे जिले मुख्यालय में अवैध रेत और माफ़ियाओं के द्वारा चैन माउंटेन व जेसीबी हाइवा लेकर फ़रार हो चुके है।जिले के ग्राम नारा भिरौद अरौद गिरहोला मनकेशरी सरंगपाल के महानदीयो से फ़िलहाल रेत की अवैध तस्करी बंद होने की जानकारी मिली है।बता दे की काँकेर जिला मुख्यालय से सटे ग्राम नारा भिरावाहि अरौद भिरौद मनकेशरी सरंगपाल सिदेसर के अलावा

अब रेत माफिया सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोठान में रेत डंप कर पशुओं के चारागाह को बनाया जा रहा निशाना

जिले के दुर्गुकोदल पखाजूर अंतागढ़ चारामा नरहरपुर के विकासखण्डों में रेत माफ़िया सक्रिय होकर महानदी से रेत की अवैध तसकरी कर महानदी का अवैध रेत को रायपुर बिलासपुर दुर्ग भिलाई में 20 से 30 हजार रुपए हाइवा बेच रहे थे।दैनिक नवप्रदेश ने 26 27 सितंबर से 3 -4- 5 -6 अक्टूबर से अवैध रेत तस्करी के खिलाफ लगातार समाचार प्रमुखता से प्रकाशित कर पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है।आलम यह हो गया हैं।की रेत माफ़िया नदी में लगी चैन माउंटेन व जेसीबी सहित हाइवा वाहन लेकर काँकेर से फ़रार बताए जा रहे है।नवप्रदेश ने अवैध तसकरी के खिलाफलगातार समाचार प्रकाशित कर शासन को होने वाली राजस्व नुकशान व पांचवी अनुसूची क्षेत्र होने के कारण जल जंगल ज़मीन पर आदिवासीयो का एका अधिकार आदिवासी भाइयो के अधिकारों का हनन किए जाने की खबर के बाद जिला प्रशासन व खनिज विभाग की कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

नवप्रदेश की लगातार खबर से रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

काँकेर जिले में बीते कुछ माह से महानदी से चैन माउंटेन व जेसीबी की मदद से बड़े बड़े हाइवा वाहनो से रेत की अवैध तसकरी किया जा रहा था।नवप्रदेश ने अवैध रेत तस्करी के खिलाफएक मुहिम चलाकर लगातार 7 दिनों तक अवैध रेत तसकरी के खिलाफ प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर रेत तस्करो की नींद हराम कर दिया गया था।जिसके बाद नवप्रदेश की खबर पर काँकेर कलेक्टर ने सज्ञान लेकर खनिज विभाग को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।नवप्रदेश की खबर का ऐसा असर हुआ की रेत के तस्करों पर दनादन कार्यवाही के बाद माफ़ियाओं में हड़कंप मच गया ।और लगातार कार्यवाही से घबराकर रेत माफ़िया अपनी वाहनों के साथ तस्करी बंद कर फ़रार हो चुके हैं।

नवप्रदेश की खबर पर खनिज विभाग की लगातार दबिश से रेत की तस्करी में लगा विराम

कुछ तथाकथित मिलकर खनिज विभाग की कार्यवाही के खिलाफरच रहे षडयंत्र ?

षड्यंत्रकारीयों के षड़यंत्र का हुआ पर्दाफाश

लेकिन 4 अक्तूबर को खनिज विभाग ने कोकड़ी में एक जेसीबी और हाइवा वाहन पर कार्यवाही किया गया था।इस कार्यवाही के बाद कुछ तथाकथित लोग मिलकर खनिज विभाग की कार्यवाही को गलत बताकर अनर्गल बयानबाज़ी कर विभाग को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था।वह पूरी तरह फेल साबित चुका है।खनिज विभाग की कार्यवाही सही थी।जिस जेसीबी पर 4 अक्टूबर को खनिज विभाग ने कार्यवाही की थी।उस जेसीबी मालिक ने बाकायदा नोटरी से स्टाम्प पेपर में लिखित आवेदन देकर स्वीकार किया गया है।कि उक्त जेसीबी नारा कोकड़ी महानदी में अवैध रेत उत्खनन पर लगाई गई थी। साथ ही जेसीबी वाहन मालिक ब्रह्मानंद सिन्हा पिता स्वर्गीय रामचरण सिन्हा ग्राम नारा ने खनिज विभिन्न को दिए अपने आवेदन पत्र में वाहन सुपुर्द नामा करने और विभाग की ओर से जो भो जुर्माना लगाया जाएगा वह स्वीकार होगा तथा भविष्य में दोबारा जेसीबी वाहन को रेत की अवैध तस्करी में नही लगाए जाने की गुहार लगाई है।

हाथरस पुलिस की कार्यशैली के विरोध में एनएसयूआई ने उड़ाये काले गुब्बारे

- यूपी सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

काँकेर। उत्तर प्रदेश के हाथरस में दलित युवती के साथ हुई दरींदगी की घटना ने एक ओर पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है तो वहीं दूसरी ओर पुलिस के साथ राहूल गांधी की हुई झूमाझटकी से सियासत भी गर्म है. इसका विरोध करते हुए देश के लगभग सभी हिस्सों में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है. कांकेर एनएसयूआई का विरोध चरम पर है।कांकेर जिला एनएसयूआई के द्वारा पुराना बस स्टैंड में ब्लॉक कांग्रेस कॉमेटी ग्रमीण तारेंद्र भंडारी की उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार एनएसयूआई प्रदेश महसचिव चमन साहू के नेतृत्व में एनएसयूआई यूपी पुलिस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कार्यकर्ताओं ने काले गुब्बारे उड़ाकर हाथरस पुलिस के कार्यशैली की कड़ी निंदा की. राजनीतिक पार्टियों के साथ-साथ देश के लोगों में भी घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है. जिस तरह से घटना में पुलिस की पूरी कार्यवाही रही है उसे लेकर कई सवाल प्रशासन के साथ सरकार पर भी खड़े हुए हैं।इस दौरान एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष योगेश् राजपूत जिलाउपाध्यक्ष आयुषी मिश्रा ,प्रीतमयादव, लक्ष्मी सहारे , जिला सयोंजक लोमन्द्र यादव ,जिला महासचिव प्रिया टांडिया ,जिलामहासचिव किसन साहू ,जिला सचिव अमित साहू ,जिला सयोंजक तबरेज खान ,फैजल खान , तारस सिन्हा आकिब रजा ,समीर साहू पवन कांगे ,रुसाली रमानी ,अभय रॉय ,राहुल गिडलानी , ओवेस खान ,अकबर मेमन गौरव साहू ,चेतन साहू , आदि एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे

दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के संचालन हेतु गाइड-लाईन जारी

- दुकान संचालको के यहाँ किसी को भी कोरोना संक्रमण पॉजिटिव आई तो करना होगा 17 दिन दुकान बंद

कांकेर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् नोवल कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के. एल. चौहान द्वारा जिले में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठान एवं दुकानों के संचालकों के लिए गाइड-लाईन जारी किया गया है। जिसके अनुसार यदि दुकान का मालिक स्वयं दुकान चलाता हो, दुकान में कोई कर्मचारी अथवा परिवारिक सदस्य कार्यरत न हो और वह दुकानदार कोरोना पॉजिटीव पाया जाता है तो दुकान को आगामी 17 दिन के लिए बंद रखना होगा। यदि दुकान में मालिक सहित दो या दो से अधिक लोग काम करते हैं और कोई पॉजिटीव आता है तो वहां पर दुकान को 48 घण्टे बंद करना अनिवार्य होगा तथा सहयोगी कर्मचारियों को होमआईसोलेशन में रखना होगा, उसके पश्चात दुकान को सेनिटाईज करने के उपरांत ही दुकान को खोला जावेगा। दुकान में कार्यरत कर्मचारी अथवा पारिवारिक सदस्य का एंटीजन रेपिड टेस्ट, ट्रू नॉट, आरटीपीसीआर सेम्पल रिपोर्ट जब तक नेगेटिव न आये तब तक दुकान में कार्यरत कर्मचारी अथवा पारिवारिक सदस्य को होमआइसोलेशन में रहना होगा।

होम आईसोलेशन कोविड केयर सेंटर में रहकर ठीक हो चुके लोगों ने साझा किया अनुभव

- जिला कोविड हेल्पलाइन नंबर ने की मदद,मरीजो ने जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग का किया शुक्रिया अदा।

बचेली। जिला प्रशासन लगातार कोरोना की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठा रहा है। इसके अलावा मरीजो को होम आईसुलेशन में रखकर स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में लोगो का इलाज किया जा रहा है अब लोग स्वस्थ होकर अपने काम मे लौटने लगे है। जिले के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मेहनत एवं कही ना कही जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड हेल्पलाइन नंबर की इन सब के बीच अहम भूमिका रही है। लिस्ट तो बेहद लंबी है परंतु कुछ मरीज़ो से नवप्रदेश के संवाददाता ने उनके अनुभवों के बारे में पूछा क्या जवाब मिला आइये जानते है।

के.एस पलनी डोसा व्यवसायी बचेली : मेरे बेटे को एंटीजेन टेस्ट में कोरोना पाजिटिव आया था जिसके बाद मैं बहुत घबरा गया था समझ नही आ रहा था क्या करूँ जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड कंट्रोल रूम में मैंने फोन लगाया जिसके बाद उन्होंने मुझे हौसला दिया एवं क्या सावधानियां बरतनी है जानकारी दी मेरे यहाँ उन्होंने मेडिकल टीम भेजी एवं दवाइयां भी उपलब्ध करवाई मेरा बेटा पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुका है मैं पूरे जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग खास करके कोविड कंट्रोल रूम वालो का दिल से आभार व्यक्त करता हु।

पवि भास्कर सैलून संचालक: मैं एंटीजेन में कोरोना पाजिटिव आया था। मुझे बुखार सर्दी बदन दर्द की शिकायत थी जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो के बाद स्थानीय फीवर क्लिनिक में मैंने निशुल्क जांच करवाई जिसके बाद मुझे घर पर रहने की सलाह दी गयी। मैं बेहद घबरा गया था मैंने जिला प्रशासन द्वारा जारी कोविड कंट्रोल रूम में फोन लगाया जिसके बाद उन्होंने मेरा मनोबल बढ़ाते हुए मुझे होम आईसुलेश में नियमो की जानकारी दी एवं मेडिकल टीम भेजी साथ ही दवाइयां भी उपलब्ध करवाई मैं आज स्वस्थ हो चुका हूं नियमो की जानकारी होने की वजह से मेरे परिवार को कोरोना संक्रमण नही हुआ मैं स्वास्थ्य विभाग एवं कोविड कंट्रोल रूम वालो को धन्यवाद देता हूं।

राजू कश्यप फारेस्ट विभाग : मुझे एंटीजेन टेस्ट में कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि हुई मुझे स्वाद एवं गन्ध का अभाव था जिसके बाद मुझे मेरे घर पर रहने की सलाह दी गयी परंतु मेरे घर मे पर्याप्त व्यवस्था नही होने की वजह से मेरे पत्नी एवं बच्चो को संक्रमण का खतरा मंडरा रहा था। मैंने इस बारे में जिला प्रशासन द्वारा जारी नम्बरो से कोविड हेल्पलाइन सेंटर से मदद मांगी जिसके बाद उन्होंने मेरी मदद करते हुए मुझे स्थानीय कोविड केयर सेंटर में भर्ती करवाया अब मैं स्वस्थ होकर अपने घर आ चुका हूं मैं सभी स्वास्थ्य कर्मियों जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करता हु। एवं कोविड हेल्पलाइन को भी धन्यवाद देना चाहता हु।

कोविड 19 से दूसरी महिला की मौत

- तहरीके एहसास फाउंडेशन ने पूरी मुस्लिम रीति रिवाजों से किया सुपुर्द खाक

काँकेर। नगर में 4 अक्टूबर को कोरोना संक्रमण की चपेट में आई मुस्लिम महिला का रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई ।कोरोना वायरस से हुई मौत के बाद मुस्लिम महिला की कफ़न दफ़न की प्रक्रिया किया जाना था। कोरोना वायरस संक्रमण से मौत के बाद 4 अक्तूबर रविवार को बाद नमाज़े ज़ोहर कांकेर के सुन्नी मुस्लिम कबरिस्तान में तहरीके एहसास फाऊंडेशन के द्वारा अंजुमन इस्लामिया कमेटी के दिशा- निर्देशन में पूरी सावधानियों का पालन करते हुए कोविड-19 की मैय्यत को पूरी मुस्लिम रीति-रिवाजों के साथ सुपुर्दे -खाक किया गया।कोविड 19 से होने वाली मौत में सहभागिता निभाने वाले मुस्लिम समाज के द्वारा इस पुण्य के कार्य में तत्पर निःस्वार्थ काम करने वाली संस्था ÷ तहरीके एहसास फाऊंडेशन ÷ के समस्त कार्यकर्ताओं का मृतक के परिजनों ने आभार व्यक्त किया है।साथ ही काँकेर अंजुमन इस्लामिया कमेटी व तहरीके एहसास फॉउंडेशन ने इस नेक कार्य मे जिला प्रशासन नगरीय प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा

प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए आभार जताकर आगे भी इसी प्रकार के सहयोग की अपील किया गया है।

ऑनलाईन पढ़ाई में अब मूल्यांकन का भी प्रावधान

सूरजपुर। सूरजपुर जिले समेत संपूर्ण राज्य में स्कूलों के बंद होने पर ऑनलाईन माध्यम से षिक्षा प्रदान की जा रही है। इस संबंध में जिला षिक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार राय ने बताया है, कि स्कूल षिक्षा विभाग से जारी पत्र अनुसार ऑनलाईन पढ़ाई के लिए संपूर्ण देष में यहॉ के षिक्षकों की प्रषंसा हो रही है। ऑनलाईन की जा रही इन गतिविधियों में सम्मिलित बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों का मूल्याकन किया जाना है। जिससे न केवल इन योजनाओं की वास्तविक सफलता का आंकलन किया जा सके , बल्कि इनमें सुधार की योजना भी बनाई जा सके। इसके लिये https://cgschool.in पर इन योजनाओं में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी बच्चों के नामों की एन्ट्री करके , उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों द्वारा उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों की एन्ट्री करने का प्रावधान भी किया गया है। श्री राय ने बताया है कि बच्चों के नामों तथा मूल्यांकन की एन्ट्री करने के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा शीघ्र आयोजित किया जायेगा।

क्या अन्य फर्जी भूमि पट्टाधारकों पर लग सकता है निरस्तीकरण की मुहर?

संजय लिखितकर

भोपालपटनम/ बीजापुरः- तहसील में पूर्व में तत्कालीन तहसीलदार द्वारा सारे भू- राजस्व संहिता के नियम प्रावधान और पात्रता को ताक पर रखकर व नियमों को अनदेखा कर कई लोगों को भूमि का पट्टा प्रदान कर दिया था. हो सकता है कि तत्कालीन तहसीलदार की पक्षकारों के साथ कोई सांठगांठ भी रहा हो? तत्पश्चात् दूसरे तहसीलदार ने आवंटन के मामलों का पुनर्विलोकन करते हुए उन पट्टों को खारिज किया था. किसी राजस्व न्यायालय के पूर्व में पारित किसी आदेश के खिलाफ फिर से सुनवाई पुनर्विलोकन के तहत होती है. निरस्तीकरण के खिलाफकुछ पक्षकारों ने न्यायालय अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) में आवेदन किए थे, समस्त प्रकरणों की विवेचना कर राजस्व संहिता के नियम के विरुद्ध पाये गए. दूसरे तहसीलदार के आदेश को यथावत रखा.

बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील में फर्जी भूमि पट्टाधारको में हडकंप मचा है . 23 जून 2020 से अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री. उमेश पटेल ने एसडीएम कार्यालय कार्यभार ग्रहण किया है. 25 जून 2020को 09 अपील के आवेदन किए थे. इस प्रकरण में तत्कालीन न्यायालय तहसीलदार भोपालपटनम ने 2007- 2009 में राजस्व संहिता के नियम प्रावधान और पात्रता के नियमों को ताक पर रखते हुए, कई लोगों को भूमि का पट्टा प्रदान कर दिया था. हो सकता है कि तत्कालीन तहसीलदार की पक्षकारों के साथ सांठगांठ भी रहा हो? 2015 में दूसरे तहसीलदार ने आवंटन के मामलों का पुनर्विलोकन करते हुए उन पट्टों को खारिज किया किसी राजस्व न्यायालय में पूर्व पारित किसी आदेश के खिलाफ फिर से सुनवाई पुनर्विलोकन के तहत होती है. एसडीएम श्री उमेश पटेल ने उक्त प्रकरण में दो माह के भीतर ही इन सभी में आदेश किया. किसी एसडीएम न्यायालय में बिना लाग - लपेट के अपील प्रकरणों की सुनवाई 2 माह में खत्म होने की यह गति अपने आप में श्रेष्ठ है.

यह सभी 09 अपील के प्रकरण ग्राम- गुन्लापेंटा की जमीन के थे. तत्कालीन तहसीलदार के द्वारा लंकल रामचंद्रम पिता मुतैया खसरा 363/3 क.0.05 एकड़, तमड़ी सत्यनारायण पिता विष्णु खसरा 47/1 रकबा 5 एकड़, श्रीमती पुजारी शांता पति पापैया खसरा 9/1 रकबा 0.1 एकड़ नीलम गनपत पिता नरसैया ने खसरा नंबर 268/1 रकबा 0.05 एकड़, खसरा नंबर 9/1 रकबा 5 एकड़, खसरा नंबर 48/1 रकबा 5 एकड़ सभी ग्राम - गुन्लापेंटा निवासी और सुरेश यालम पिता राजन्ना निवासी- भोपालपटनम ने खसरा नंबर 64/4क/1 रकबा 0.1 एकड़, खसरा नंबर 1/1 रकबा 5 एकड़ और खसरा नंबर 268/1 रकबा 0.05 एकड़ के 03 पट्टे बनवा लिए थे. इन सभी पक्षकारों ने तत्कालीन तहसीलदार से सांठगांठ कर पट्टा अपने नाम से करा लिया.यह सभी पट्टा नए तहसीलदार ने पुनर्विलोकन में निरस्त किया एवं वर्तमान अपील में अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री उमेश पटेल ने निरस्त किए जाने की पुष्टि की.

एसडीएम न्यायालय द्वारा लगभग 2 माह में सुनवाई खत्म करते हुए विधिवत जांच में यह पाया गया कि पट्टा का आवंटन बिना किसी पात्रता और नियम के हुआ था और उसे निरस्त करना ठीक था. ÷ छत्तीसगढ़ कृषि प्रयोजनों के लिए उपयोग की जा रही दखल रहित भूमि पर भूस्वामी अधिकारों का प्रदान किया जाना (विशेष उपबंध) अधिनियम 1984÷ के तहत मूल प्रकरण में भूमि आवंटन कर पट्टा प्रदान किया था. आवेदन में भी आवेदकों ने स्वयं को भूमिहीन के रूप में चिन्हित किया है एवं तहसील न्यायालय में बयान में भी आवेदक ने स्वयं को भूमिहीन बताया. जबकि एसडीएम न्यायालय में हुए जांच और आवेदकों के पास पर्याप्त पारिवारिक जमीन का होना पाया गया है.एक पट्टा मिलने के बाद भी दो पक्षकारों द्वारा अन्य पट्टों के लिए स्वयं को आवेदन में भूमिहीन बताया गया. उल्लेखित अधिनियम एवं नियम में 02/10/1984 को अतिक्रमण रखने वाले व्यक्ति को भूमि प्रदान करने के विषय में प्रावधान बनाए गए हैं. किसी भी आवेदक का इन जमीन पर इतना पुराना अतिक्रमण नहीं था. अतः इससे स्पष्ट है कि भूमिहीनता एवं अतिक्रमण की पात्रता नहीं होने के बावजूद लाभ लेने की मंशा से गलत तथ्य लिखते हुए आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

न्यायालय अनु विभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री उमेश पटेल भोपालपटनम ने अपने आदेश में तत्कालीन तहसीलदार के लिखे आदेशों की कई अनियमितताओं को स्पष्ट रूप से लिखा है. ग्राम पंचायत से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं होने के बावजूद तत्कालीन तहसीलदार ने पंचायत से सहमति मिलने का लेख आदेश में किया है. पटवारी के द्वारा आवेदक की जमीन का उल्लेख करने के बावजूद तत्कालीन तहसीलदार भोपालपटनम ने अपने आदेश में आवेदक को भूमिहीन लिखा है. ग्राम पंचायत गठित होने के बाद आबादी मद से भूमि आवंटन की पात्रता न्यायालय तहसीलदार को नहीं होने के बावजूद आवंटन किए गए हैं. न्यायालय तहसीलदार के दस्तावेजों को देखने से स्पष्ट लगता है कि आदेश पत्र का बयान और आदेश कुछ खाली स्थानो के साथ पट्टा बाटने की मंशा के साथ पहले से छपे हुए थे. अवांछित लाभ के लिए तत्कालीन तहसीलदार द्वारा इन पक्षकारों के साथ अवैध लेनदेन एवं मिलीभगत की आशंका इन दस्तावेजों को देखने से स्पष्ट प्रतीत हो रहा है. अतः 2015 मे पुनर्विलोकन के तहत इन पट्टों का किया जाना न्याय हित में उचित पाया गया. वर्तमान अपील प्रकरणों में एसडीएम न्यायालय द्वारा इन सभी 09 मामलो में पट्टा के निरस्त किये जाने के आदेश की पुष्टि किया गया है. पट्टा निरस्त करने की इन कार्रवाईयों से ग्राम- गुन्लापेंटा की शासकीय भूमियों पर शासन के हित की रक्षा की गई है.

एसडीएम न्यायालय द्वारा 11 पट्टों को निरस्त किये जाने के आदेश जारी किया जिससे अन्य फर्जी पट्टाधारको में हडकंप मचा है. शासन व प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने भी ऐसे तत्कालीन तहसीलदार के खिलाफ उचित कार्यवाही करना चाहिए ताकि गलत आदेश करने वाले अन्य राजस्व अधिकारियों को भी संदेश मिले।

सरगुजा ने स्वच्छता और नवाचार से प्रदेश को गौरवान्वित किया : सीएम

सरगुजा जिले को 155 करोड़ रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया ई-लोकार्पण एवं शिलान्यास

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरगुजा जिले को 154 करोड़ 63 लाख रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरगुजा ने स्वच्छता एवं नवाचार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। सरगुजावासियों ने अपने उल्लेखनीय कार्यों से छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। स्वच्छता के क्षेत्र में सरगुजा जिले के कार्यों की सराहना करते हुए इसके लिए सरगुजा प्रशासन, नगर निगम तथा पार्षदों और सरगुजावासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सरगुजा जिले में 2 पुल एवं 4 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंक सखी को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरगुजा जिले के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंह देव, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत भी ऑनलाइन शामिल हुए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा

जिले के विकास की रफ्तार को तेज करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने सरगुजा जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा मैनपाट में कालीन बुनाई की शुरूआत कर स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कालीन का व्यावसायिक उत्पादन हो और यहां की कालीन देश-विदेश में बिके, इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का ऐसा पहला राज्य है जहां बिजली से संबंधित 90 प्रतिशत से अधिक सुविधाओं का लाभ उपभोक्ता घर बैठे मोर बिजली एप के माध्यम से उठा सकता है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत तथा लुण्ड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम के आग्रह पर मुख्यमंत्री की घोषणा मैनपाट विकसखण्ड में सुपलगा में मछली नदी पर पुल निर्माण, पेंट से पीडिया तक सड़क, करदना से कदनई मार्ग में घुनघुट्टा नदी में पुल निर्माण, लुण्ड्रा विकसखण्ड के धौरपुर-डूमरडीह रोड़ का चौड़ीकरण, रघुनाथपुर -धौरपुर सड़क मरम्मत कार्य, करौली से पडौली तक सड़क मरम्मत कराए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अंतर्गत हितग्राही महेन्द्र तिर्की को मिनी ट्रक तथा कैलाश राम को ट्रेक्टर की चाबी भेंट करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए सरकार काम कर रही है। गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याया योजना और सुराजी गांव योजना के माध्यम से गांव और ग्रामीणों की स्थिति बेहतर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों और कोरोना संकट काल में भी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपनी नीतियों और कार्यक्रमों से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को गति दी है। छत्तीसगढ़ के किसानों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के काम-काज को सर्वत्र सराहा जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए संचालित शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना तथा छत्तीसगढ़ में कुपोषण मुक्ति के लिए संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की सराहना की।

स्वामी आत्मानंद ने दिया पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश : भूपेश बघेल

- स्वामी आत्मानंद ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भावधारा को धरातल पर साकार किया
- मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए पाटन में आयोजित स्वामी आत्मानंद जयंती समारोह में

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि स्वामी आत्मानंद ने पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश दिया। उन्होंने अपने कार्यों से स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भावधारा को धरातल पर साकार किया। श्री बघेल ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भावधारा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण भवधारा को पूरे देश में फैलाया और अनेक मठ बनवाए। स्वामी विवेकानंद के बाद स्वामी आत्मानंद ने ही सबसे ज्यादा आश्रम और मठ बनवाए। मुख्यमंत्री आज दुर्ग जिले के पाटन तहसील मुख्यालय में आयोजित स्वामी आत्मानंद जयंती समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इसके पहले श्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय में स्वामी आत्मानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर प्रदेश में धरसा विकास योजना जल्द शुरू करने की घोषणा की। इस योजना से गांवों में धरसा के कच्चे रास्ते को पक्का किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धरसा निर्माण योजना तैयार करने के लिए पंचायत, राजस्व और लोक निर्माण विभाग के सचिवों की समिति बनाई जाएगी। इसी प्रकार उन्होंने राज्य में खोले जा रहे इंग्लिश मीडियम स्कूलों का संचालन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना के तहत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा है कि जिन स्कूलों के नामकरण महापुरूषों के नाम पर किया गया है। उन स्कूलों के नाम यथावत रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कोलकत्ता के बाद सर्वाधिक समय रायपुर में व्यतीत किया। अपने रायपुर प्रवास के दौरान वे जिस भवन में रहे उस भवन में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्मारक बनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिव भाव से जीव की सेवा, दरिद्र नारायण की सेवा के मूल मंत्र को धरातल पर उतारने के काम किया। स्वामी आत्मानंद ने यह संदेश दिया था कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए उन्होंने मठ और आश्रम स्थापित करने के लिए एकत्र की गई राशि अकाल पीड़ितों की सेवा में खर्च करने का कदम उठाया था। एकत्र राशि उन्होंने अकाल पीड़ित गरीबों के लिए राहत काम के लिए खर्च कर दी। उन्होंने अमेरी में कुंआ, अचानकपुर में तालाब जैसे जनहित के कार्य किए। उन्होंने अकाल के समय गर्भवती माताओं के लिए पौष्टिक भोजन की शुरूआत की जिससे की बच्चे कुपोषित न हो।

कोरोना की चैन तोड़ने घर-घर होगा सर्वे

सामुदायिक सर्वे टीम को सही जानकारी दें, वास्तविकत ना छुपाएं

कबीरधाम जिले में 12 अक्टूबर तक चलेगा सामुदायिक सर्वे अभियान

कवर्धा-(नवप्रदेश) कोरोना संक्रमण के नियंत्रण और उनके रोकथाम के लिए अब हर घर का सर्वे कर हाई रिस्क ग्रुप और लक्षण वाले मरीजों की पहचान सोमवार 5 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने आम बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम और उनके संक्रमण को रोकने के लिए सोमवार 5 अक्टूबर से सामुदायिक सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे आगामी 12 अक्टूबर तक चलेगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने अपील करते हुए कोरोना वायरस के चैन को तोड़ने के लिए जारी इस सामुदायिक सर्वे अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। उन्होने कहा कि हमारा उद्देश्य शत-प्रतिशत घरों का सर्वे करते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकना है। कोरोना संक्रमण को रोकने प्रशासन को आमजनों का सहयोग चाहिए। उन्होने कहा कि सर्वे के दौरान जब स्वास्थ्य अमला आपके घर पर पहुंचे तो, उन्हे सही और वास्तविक जानकारी दें। किसी भी प्रकार की जानकारी ना छुपाएं। यह सर्वे आपके और आपके परिवार और जहां आप निवास करते है, उस मुहल्ला अथवा कालोनी को सुरक्षित करने का एक साझा प्रयास है। उन्होने कहा कि कोरोना के लक्षणों की जानकारी मिलते ही त्वरित सैम्पल लेकर जांच कराई जाएगी। सही समय पर बीमारी की पहचान होने से इलाज में आसानी होगी और जल्दी रिकवर हो पाएंगे। सही समय पर जांच नहीं होने से बीमारी और विकराल रूप ले लेती है और मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। कोविड-19 से मृत्यु रोकने के लिए सही समय और जांच और इलाज अनिवार्य है।

24 घंटे के अंदर लिए जाएंगे सैम्पल

उल्लेखनीय है कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों की पहचान के लिये 5 से 12 अक्टूबर तक सामुदायिक सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। हमारी मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं, नगर पालिका के अमले, स्वास्थ्य कर्मी शत-प्रतिशत घरों का सर्वे कर रहे है। लक्षण की पहचान होते ही 24 घन्टे के अंदर सैम्पल लिए जाएंगे। सबसे पहले रैपिड एंटीजन टेस्ट किया जाएगा यदि लक्षण के बाद भी टेस्ट नेगेटिव है, तो आरटीपीसीआर टेस्ट करवाया जाएगा। यदि रैपिड टेस्ट पॉजिटिव है, तो विशेषज्ञ डॉक्टर ये निर्णय लेंगे कि मरीज को होम आइसोलेशन में रखना है अथवा अस्पताल में भर्ती किया जाएगा।

उच्च जोखिम वाले मरीजों का रखे विशेष ख्याल

आपके परिवार में उच्च जोखिम वाले व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से अधिक उम्र, गर्भवती महिला, 5 वर्ष के कम आयु के बच्चे, उच्च रक्तचाप डाइबिटिज, कैंसर, किडनी रोग, टीबी रोग, सिंकलसेल से ग्रहित व्यक्तियों की विशेष निगरानी एवं जांच की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे व्यक्तियों को सही समय पर कोरोना संक्रमण से सुरक्षा और समय पर उपचार देकर स्वस्थ्य जीवन दिया जा सकता है। कलेटर श्री शमा ने कहा कि अगर आपके घर पर ऐसे सदस्य है, तो सर्वे टीम को सही-सही जानकारी देकर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाए।

टीम को मानने होंगे प्रोटोकॉल -

सर्वे टीम को पूरी सावधानी के साथ सर्वे करना है। मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और हैण्ड सेनेटाइजर करना होगा। इसके अलावा टीम हर घर के सर्वे के बाद लोगों को नजदीकी फीवर क्लिनिक एयर कंट्रोल रूम की भी जानकारी लोगों को देगी ताकि आपात स्थिति में संपर्क किया जा सके।

कलिंगा विवि में 'करियर मार्गदर्शन' के लिए वेबीनार का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय अपने छात्रों को भविष्य के प्रति सजग करने एवं उन्हें बौद्धिक एवं नैतिक रूप से तैयार करने हेतु एकदिवसीय वेबीनार ''करियर मार्गदर्शन एवं भविष्य की योजनाये'' का आयोजन किया गया । इस माहामारी के कठिन समय में छात्र पढ़ाई के साथ अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इस प्रकार के वेबीनार के आयोजन से छात्रों को उनके भविष्य एवं करियर चुनने में सही दिशा प्रदान होगी।

वेबीनार की शुरूआत मेहमान प्रवक्ता सम्माननीय डॉ. प्रशांत तिवारी के स्वागत रजनी यादव, सहायक प्राध्यापक फार्मेसी संकाय के द्वारा हुआ। डॉ. प्रशांत तिवारी, अरका जैन विश्वविद्यालय जमशेदपुर के फार्मेसी विभाग में सहायक प्रध्यापक है। उन्हें 10

वर्षों का अध्यापन व अनुसंधान का अनुभव है। वह प्ब्डत् के नियमित अध्येता एवं बहुपेशेवर निकाय जैसे भारतीय जंतु विज्ञान प्रयोगशाला एवं बहुत से संस्थाओं के सदस्य है।

डॉ. प्रशांत तिवारी ने अपने संबोधन की शुरूआत कलिंगा विश्वविद्यालय को धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें यह अवसर प्रदान किया कि वह छात्रों का मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि फार्मेसी असीमित संभावनाएँ लिए हुए, स्वास्थ्य संरक्षण में अहम् भूमिका निभाने वाला क्षेत्र है। छात्र एवं छात्रायें इस क्षेत्र में आकर अनगिनत करियर क्षेत्र को अपना सकते हैं, जैसे- एकाडमिक अनुसंधान, फार्मासिस्ट, ड्रग इंस्पेक्टर, च्त् अधिकारी, मार्केटिंग क्षेत्र, सामुदायिक फार्मासिस्ट, पैकिंग तकनीक एवं अन्य संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को इंटरव्यू के दौरान सुनियोजित व्यवहार व कैसे अपने उत्तर में तर्कसंगत तथा पेशेवर बने, साथ ही दवाई कंपनी की प्रचलित बाजार स्थिति का ज्ञान रखने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि इस माहामारी के दौरान किस तरह मःचैंतउंबल तेजी से विकास कर रहा है। और भविष्य में भी बना रहेगा। फार्मासिस्ट अपने एप तैयार करके डॉक्टरों के सहयोग से मरीजों को दवाइयाँ एवं परामर्श प्रदान कर सकता है। उन्होंने छात्रों को नये-नये पाठ्यक्रम के बारे में बताया जो इस क्षेत्र में बेहतर करियर संभावनाएं प्रदान करती है।

पेट्रोलिंग पार्टी पर हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। ज़िले के महामाया मंदिर के पास बीती रात शराब पी रहे शराबियों ने पुलिस पेट्रोलिंग के साथ मारपीट कर दो आरक्षकों की पुलिस वर्दी फाड़ दी है। पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती रात सिटी कोतवाली पुलिस गश्त करने महामाया मंदिर वार्ड नंबर 15 के तरफ गई थी। पुलिस ने मंदिर परिसर के आसपास 3 व्यक्ति युगल चन्द्राकर, शरद साहू और हरीश ध्रुव शराब पी रहे थे जिसे सिटी कोतवाली पुलिस गिरधारी टंडन, राहुल टंडन ने सार्वजनि स्थान पर शराब पीने से माना कर उक्त स्थान से जाने को कहा। पुलिस की बात सुन शराब पी रहे शरद, युगल व हरीश ने पुलिस के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पुलिस ने जब उन्हें समझाने की कोशिश कर वहां से जाने कहा तब भी आरोपियों ने पुलिस की बात नहीं मानी। पुलिस को धमकाते हुए घटना स्थल से जाने की बात करते हुए पुलिस के सिपाही गिरधारी टंडन और राहुल टंडन के साथ मारपीट करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी। पुलिस ने तत्काल सिटी कोतवाली को मामले की सूचना दे कर अतिरिक्त बल बुलाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 294, 353, 332, 186, 34 आईपीसी की धारा के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पहली बाहर महिला अधिकारी पहाड़ी में बसे ग्राम में पहुंची पैदल, लिया विकास कार्यों का जायजा

गरियाबंद- ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम भालूडिग्गी, जो कि दुर्गम पहाड़ पर स्थित है,इस ग्राम की जनसंख्या 38 है जो मूलतः कमार विशेष पिछड़ी जनजाति के निवासी हैं। यह ग्राम ग्राम पंचायत मुख्यालय कुल्हाड़ीघाट से 10 किलोमीटर की दूरी में स्थित है। इस ग्राम में पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं है। यहां पर केवल पहाड़ पर चढ़कर पैदल ही पहुंचा जाता है। मैनपुर अनुभाग बनने के बाद यह पहला अवसर है जहां अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर श्रीमती अंकिता सोम के द्वारा अपने मातहत अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर शासन-प्रशासन द्वारा किये जा रहे हितग्राहीमूलक कार्यों का अवलोकन किया गया। एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम के द्वारा ग्राम भालूडिग्गी के एक एक घर में जाकर ग्रामीणों का हालचाल जाना तथा शासन के मूलभूत सुविधाओं तथा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लिया गया। ग्रामीणों से चर्चा करने पर ग्रामीणों ने अपने ग्राम में

दुर्गम पहाड़ी ग्राम भालूडिग्गी में सुविधाओं का जायजा लेने पहुंची एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम

महिला अधिकारी को पाकर अत्यंत खुश हुए तथा उनके द्वारा बताया कि हाथियों का दल ग्राम में पहुंचकर मकानों को काफी क्षति पहुंचाया गया है। अतः उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जावे। इस पर एसडीएम ने वन परिक्षेत्र अधिकारी एस.आर.नेताम को निर्देशित करते हुए हाथियों के द्वारा किये गये क्षति का तत्काल आंकलन करते हुए पीड़ितों को शीघ्रता के साथ क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम के द्वारा ग्राम भालूडिग्गी स्थित प्राथमिक शाला भवन का भी निरीक्षण किया गया। हाथियों के द्वारा प्राथमिक शाला भवन को भी नुकसान पहुंचाया गया है, जिसे उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिये। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला भालूडिग्गी में पदस्थ शिक्षक नियमित रूप से शाला नहीं आते हैं। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम ने ग्राम के ही पढ़े लिखे कमार युवक को बच्चों को पढ़ाने के लिए तैनात किये, जिस पर ग्रामवासी प्रसन्नता व्यक्त किये।

हाई वोल्टेज से कामकाज प्रभावित, व्यापारी परेशान

नव प्रदेश संवाददाता

नवागढ़ । नवागढ़ में बीते एक सप्ताह से नवागढ़ नगर में हाई वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे सारा कामकाज प्रभावित हो रहा है। जिसकी प्रमुख वजह खेतो में चलने वाले ट्यूबवेल के लिए वोल्टेज को बढ़ाया जाना बताया जा रहा है जबकि इसके सिटी के लोगो लिए अनावश्यक रूप से समस्या का सबब बन हुआ है। नगर के अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान इव घरेलू उपकरणों के बंद होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। बाजार में व्यापारी बिजली का बटन दबाने से डर रहे हैं। बटन ऑन करते ही मशीनें खराब हो रहे हैं। हाई वोल्टेज के चलते फोटो स्टेट और कंप्यूटर का काम नहीं हो पा रहा है। प्रिंटिंग प्रेस के मालिक छन्नू सोनी का कहना है कि हाई-वोल्टेज के कारण काम करना मुश्किल हो गया है। एक तो लॉकडाउन से आर्थिक स्थिति पहले से तंग है और अब हाई वोल्टेज से काम बंद होने के चलते दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू लाइन एवं व्यापारिक परिसर में 280 वोल्टेज तक सप्लाई बढ़ जाती है जिससे दुकानों के महंगे महंगे उपकरण के खराब होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग में शिकायत करने पर कोई संतोषप्रद उत्तर न देते हुए यहां से वहां घुमाया जाता है। बीते एक सप्ताह से वे बिजली ऑफिस का चक्कर लगा रहे है पर सुधार कार्य अभी तक नही हुआ हैं। यदि जल्द व्यवस्था नही सुधरती है तो व्यापारी आंदोलन करेंगे।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा

बांठिया हॉस्पिटल

कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था

100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737